हरिभूमि
# रायपुर भूमि







# सीबीएसई परीक्षाएं तीन बड़े बदलावों के साथ शुरू, पहले दिन कोई विवाद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई की दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से हो गई। दसवीं की परीक्षाएं 10 मार्च तक और बारहवीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल तक चलेंगी। दसवीं कक्षा की शुरुआत गणित विषय के साथ हुई। स्टैंडर्ड और बेसिक गणित दोनों ही पर्चे एक साथ हुए। बारहवीं कक्षा के छात्रों ने बायोटेक्नलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप, ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

- बीते वर्षों में कुछ मिनट की देर के कारण रोका गया था छात्रों को
- दसवीं की शुरुआत गणित विषय के साथ, बारहवीं के छात्रों ने हल किए बायोटेक्नलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप व शॉर्टहैंड के पर्चे



### ऐसे हैं आंकड़े

कक्षा- 10वीं (17 फरवरी से 10 मार्च)
कुल छात्र- 25 लाख 8 हजार 319
लड़कों की संख्या- 14 लाख 8 हजार 546
लड़कियों की संख्या- 10 लाख 99 हजार 773
कुल विषय- 83
केंद्र संख्या- 8075
कक्षा-12वीं (17 फरवरी से 9 अप्रैल)
कुल छात्र- 18 लाख 59 हजार 551
लड़कों की संख्या- 10 लाख 27हजार 552
लड़कियों की संख्या- 83 लाख 19 हजार 99
कुल विषय - 120
केंद्र संख्या- 7574

### दो तरह के हेल्पलाइन नंबर

सीबीएसई ने दो तरह के हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आईवीआरएस फ्री सर्विस के तहत बोर्ड ने टोल फ्री नंबर 1800118004 तय किया है। लोग कभी भी, कहीं से भी और कई बार इस सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस टोल फ्री सेवा के साथ छात्र तथा उनके अभिभावक बोर्ड एग्जाम से जुड़ी जैसे अच्छी तैयारी, टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, सीबीएसई कॉन्टेक्ट की जानकारी ले सकते हैं। इस टोल फ्री नंबर में आमतौर पर पूछे जाने वाले के जवाब भी रिकॉर्ड होंगे। लाइव टेली-काउंसलिंग के लिए टोल फ्री नंबर 1800118004 पर सुबह 9:30 बजे से 5:30 बजे तक 66 प्राचार्य और काउंसलर स्टूडेंट्स और पैरेंट्स को जवाब देंगे। सीबीएसई के काउंसलर्स से एक जून तक छात्र सलाह ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूमता युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** डीसीपी सेंट्रल जोन क्षेत्र के गंज थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक युवक के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को तेलघानी नाका चौक अंडरब्रिज के पास दीपक वर्मा 19 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना पलारी बलौदाबाजार हाल पता काठाडीह थाना टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू जब्त किया है। चाकू लेकर वह आम लोगों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं गंज पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रविन्द्र कुमार सतपथी 54 वर्ष अशोक नगर काटाभांजी ओड़िशा का निवासी है। उसे एक्सप्रेस-वे स्थित एक पान दुकान के पास 6.110 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक मोबाइल भी बरामद किया है। उसके विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पिस्टल-मैग्जीन के साथ एक गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को पिस्टल एवं मैग्जीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सिद्धार्थ शर्मा 29 वर्ष निवासी तिरंगा डीडी नगर है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सीएसईबी मैदान के पास एक व्यक्ति अपने पास पिस्टल रखे हुए है। पुलिस ने उसे मौके पर जाकर गिरफ्तार कर पिस्टल एवं एक खाली मैग्जीन को जब्ती बनाया है। आरोपी के पास पिस्टल के वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

**रायपुर।** विद्युत विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपए की ठगी के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी रोशना परवीन निवासी राजातालाब ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जनवरी 2022 से लेकर 31 जनवरी 2022 के दौरान आरोपी सुस्मिता टंडन, शाहिद हुसैन एवं नितिन जाधव ने विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर उससे तीन लाख रुपए लिए थे। रकम लेने के बाद अब तक वे उसकी न ही नौकरी लगवा पाए और न ही पैसे लौटाए हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### उपचार के लिए एंबुलेंस से अभनपुर के अस्पताल में पहुंचाया

# डीएड अभ्यर्थियों की रैली रोकने गेट पर जड़ दिया ताला, महिला अभ्यर्थी के साथ झड़प, 8 बेहोश



### प्रमुख मांग इस तरह

- सहायक शिक्षक भर्ती के 2300 रिक्त पदों पर डीएड अभ्यर्थियों की शीघ्र नियुक्ति की मांग।
- न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन हो।
- विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग।
- नियुक्ति में देर के लिए दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

4 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से मंत्रालय घेराव के लिए रैली निकालने से पहले डीएड अभ्यर्थियों को पुलिस ने धरना स्थल पर रोक दिया। मेनगेट पर ताला जड़ते हुए पूरे एरिया को रस्सी से पैक कर पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों को गेट से बाहर नहीं निकलने दिया। इस दौरान महिला अभ्यर्थी और पुलिस कर्मचारियों के बीच झूमाझटकी और झड़प की स्थिति निर्मित हुई। हंगामा और विरोध प्रदर्शन के कारण 8 डीएड अभ्यर्थी बेहोश हो गए। इनमें से 6 अभ्यर्थियों को एंबुलेंस से अभनपुर के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं 2 अभ्यर्थी को उनके साथियों ने चेहरे पर पानी छिड़कर राहत पहुंचाई। डीएड अभ्यर्थियों के मंत्रालय घेराव और रैली को देखते हुए सुबह 10 बजे 2 पुलिस वाहनों में पुलिस के जवान धरना स्थल पर स्थिति नियंत्रित करने पहुंच गए और घंटों डटे रहे।

- तूता धरना स्थल से मंत्रालय घेराव के लिए रैली निकालने से पहले पुलिस ने रस्सी बांधकर एरिया को किया पैक

छत्तीसगढ़ डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से नवा रायपुर स्थित मंत्रालय के शिक्षा विभाग कार्यालय घेराव के लिए रैली निकालने डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी सुबह से धरना स्थल पर मौजूद रहे। धरना स्थल से निकाली जाने वाली रैली को रोकने ने पुलिस प्रशासन ने तगड़े प्रबंध किए। ▶▶|शेष पेज 13 पर



**मेनगेट के सामने पुलिस कर्मचारियों ने कर दी घेराबंदी**
तूता स्थित धरना स्थल के मुख्य गेट पर पुलि प्रशासन पहले ताला जड़ दिया, इसके बाद पुलिस के जवान मोटा रस्सा हाथ में लेकर पूरे रास्ते की घेराबंदी कर दी। ताकि डीएड अभ्यर्थी वहां से बाहर निकल न सकें। इस दौरान परिसर में बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मचारी स्थिति नियंत्रण के लिए मौजूद रही। डीएड अभ्यर्थी मुख्य द्वार के पास ही जमीन पर बैठकर घंटों प्रदर्शन करते नजर आए।

# हैंडओवर के पहले कॉलोनियों का सर्वे करेंगे निगम, आरडीए और हाउसिंग बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के आदेश व नियमावली के अनुसार नगर निगम द्वारा आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों के हैंडओवर की कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 9 आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम को सौंपने का निर्णय लिया गया है। आगे की प्रक्रिया और कार्यवाही के लिए शासन स्तर से जारी होने वाली विस्तृत नियमावली का इंतजार है। तीनों एजेंसियां संयुक्त सर्वे कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगी।

- सर्वे में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, आंतरिक सड़क, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों की हालत शामिल

रायपुर नगर निगम के नगर निवेशक ने बताया कि सर्वे में पेयजल आपूर्ति तंत्र, सीवरेज नेटवर्क, आंतरिक सड़कों, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों और सफाई व्यवस्था की मौजूदा हालत का तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। कई कालोनियों में 15 से 20 वर्ष पुरानी पाइपलाइन, जर्जर नालियां ▶▶|शेष पेज 13 पर

### शासन के आदेश का इंतजार

हैंडओवर से पहले वित्तीय भार, अतिरिक्त स्टॉफ और रखरखाव की रूपरेखा तय करना निगम के लिए अत्यावश्यक है। बताया गया है कि हैंडओवर के लिए शासन से आदेश व नियमावली प्राप्त होने पर कॉलोनियों की वास्तविक स्थितियों का सर्वे किया जाएगा। इसके अनुसार ही सभी कार्यवाहियां की जाएंगी। अद्यतन किसी भी प्रकार का निर्देश निगम को प्राप्त नहीं हुआ है।

# कारोबारी की कार से कर्जदार दोस्त ने ही उड़ाए थे 36 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पास खड़ी एक कार से साढ़े 36 लाख रुपए चोरी होने की घटना झूठी निकली। रुपयों से भरे थैले को और किसी ने नहीं, बल्कि प्रार्थी के दोस्त ने अपने अन्य एक साथी की मदद से गायब करवाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गबन की गई पूरी राशि बरामद कर ली है।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा निवासी ज्ञानप्रकाश पांडे ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 फरवरी को उसने ग्राम पिरदा स्थित भूमि को गंगूराम यादव से क्रय किया था। इसका सौदा होने के बाद वह टोकन की राशि 36 लाख 50 हजार रुपए गंगूराम को देने के लिए अपनी कार से गया और रजिस्ट्री कार्यालय रायपुर के बाहर मल्टीलेवल पार्किंग के पास कार को खड़ी किया था। उसके साथ उसका पुराना मित्र नितिन कुमार सोनी 32 वर्ष निवासी सुमित लैंडस्कैप थाना विधानसभा भी था। रुपयों से भरे थैले को उसने कार में रखकर उसकी चाबी नितिन के पास छोड़कर वह रजिस्ट्री कार्यालय चला गया। इसके थोड़ी देर के बाद ही नितिन ने मोबाइल पर ज्ञानप्रकाश को सूचना दी कि उसकी कार में रखा रुपयों से भरा थैला कोई चोरी कर ले गया। यह सुनते ही ज्ञानप्रकाश के होश उड़ गए और उसने इसके बाद तत्काल घटना की सूचना पुलिस में दर्ज कराई।



### पुलिस की जांच में पकड़ा गया आरोपी

जिस तरह से कार से रुपयों से भरा थैला गायब होने की कहानी नितिन ने पुलिस को बताई, उसे सुनने के बाद पुलिस का सबसे पहला शक नितिन पर ही हुआ। इसके बाद पुलिस ने नितिन से दो से तीन बार पूछताछ की। इस दौरान नितिन जब संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, तो पुलिस ने सख्ती से उससे पूछताछ की। इसके बाद झूठी कहानी का भी पर्दाफाश हो गया।

### कर्ज से मुक्त होने नितिन ने बनाई गबन की योजना

पूछताछ में नितिन ने पुलिस को बताया कि उस पर लाखों रुपए कर्ज है, जिसके कारण वह परेशान था। अपने दोस्त ज्ञानप्रकाश के पैसों को देखकर उसकी नीयत खराब हो गई और उसने रुपए गबन करने की योजना बनाई। इस काम के लिए उसने अपने दोस्त तनवीर आलम 28 वर्ष निवासी रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई को 2 लाख रुपए में तैयार किया था। घटना के समय नितिन कार के पास खड़ा था। इसी दौरान तनवीर वहां पहुंचा और नितिन ने रुपयों से भरा थैला निकालकर उसके हवाले कर दिया, जिसे लेकर वह चला गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 316(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# शहर में शुरू हुई 33 डिग्री की गर्मी, अभी और बढ़ेगी रात में न्यूनतम तापमान आधा

**रायपुर।** होली में पखवाड़ा बाकी है और शहर में गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है। मंगलवार को राजधानी में 33 डिग्री की गर्मी पड़ी, जिससे दोपहर की तेज धूप से असहजता महसूस हुई। आने वाले दो से तीन दिनों में पारा और ऊपर चढ़ने की उम्मीद है। इधर रात का तापमान अभी दिन की तुलना में आधा है और कुछ स्थानों में सामान्य से कम है।



सामान्यतः होली के दौरान दिन में गर्मी अपना असर दिखाती है और इसके संकेत शहर में 33 डिग्री की गर्मी से नजर आने लगा है। होली मार्च के प्रथम सप्ताह में है, इसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि तब तक तापमान 35-36 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मंगलवार को शहर का पारा राज्य में सबसे गर्म रहा और दोपहर धूप में तपिश का अहसास भी हुआ।

रायपुर-धमतरी की छोटी लाइन को आधुनिक ब्रॉडगेज लाइन में बदलने 2017 में बंद हुआ था ट्रेन का परिचालन

# 8 साल बाद आज कुरुद पहुंचेगी ट्रेन, रेल सुरक्षा आयुक्त करेंगे ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉड गेज लाइन बिछाई गई है, जिसका स्पीड ट्रायल स्पेशल ट्रेन के जरिए आज किया जाएगा। दोपहर 3 से 6 के बीच कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी, रेल सुरक्षा आयुक्त दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता द्वारा किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन 80 से 110 के बीच स्पीड से चलेगी। रेल सुरक्षा आयुक्त पटरियों की बारीकियों से जांच करेंगे। मंडल रेल प्रशासन ने ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रेलवे ने पटरियों से मवेशियों को दूर रखने की है अपील



### नई ब्रॉडगेज लाइन से ये होंगे फायदे

अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉड गेज लाइन से कम समय में सफर- रायपुर से धमतरी की यात्रा तेज और सुविधाजनक होगी। यात्रा खर्च में कमी- सड़क की तुलना में सस्ती रेल सेवा। ग्रामीण कनेक्टिविटी से मजबूत, किसानों, छात्रों और मजदूरों को लाभ मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा के साथ व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

### 66 लाख रुपए की लागत से तैयार हुई थी नैरोगेज लाइन

रायपुर से राजिम और धमतरी रेल खंड का इतिहास काफी पुराना है। बता दें कि 17 अप्रैल 1886 को बंगाल नागपुर रेलवे ने रायपुर–राजिम–धमतरी रेल खंड पर स्टीम ट्राम-वे निर्माण की स्वीकृति दी। 1891–92 में रायपुर से धमतरी सर्वे शुरू हुआ। इसके बाद अक्टूबर 1896 में पटरियां बिछाने का काम शुरू हुआ। 1 अक्टूबर 1944 को बंगाल नागपुर रेलवे का प्रबंधन भारतीय रेलवे के अधीन आ गया। इसके बाद 14 अप्रैल 1952 को रायपुर–धमतरी रेलखंड ▶▶|शेष पेज 13 पर

### प्रभावित था मस्तिष्क, गुर्दा, फेफड़ा सहित रक्त प्रणाली

# दुर्लभ लूपस ने छीन ली थी मां की ममता, दो महीने इलाज के बाद एम्स के डाक्टरों ने दिया नया जीवन

*दूध पिलाना तो दूर बच्चे को गोद में नहीं उठा पाती थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वप्रतिरक्षित प्रणाली द्वारा स्वस्थ कोशिकाओं को कमजोर करने वाली सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस नामक बीमारी ने नवजात से मां की ममता छीन ली थी। इस दुर्लभ बीमारी की वजह से महिला के मस्तिष्क, गुर्दा, फेफड़ा सहित रक्त प्रणाली प्रभावित हो गई थी। कमजोरी की वजह से कभी हंसने और रोने जैसी हरकत करने वाली मां दूध पिलाना तो दूर, बच्चे को गोद में नहीं उठा पाती थी। एम्स के डाक्टरों ने दो महीने के लंबे इलाज के बाद उसे नया जीवन प्रदान किया। कोरिया में रहने वाला परिवार 20 साल की महिला को लेकर इलाज के लिए एम्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

### क्या है लूपस नामक बीमारी

चिकित्सकों के मुताबिक सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस एक पुरानी स्वप्रतिरक्षित (ऑटोइम्यून) बीमारी है। इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है, जिससे जोड़ों, त्वचा, किडनी, हृदय और फेफड़ों में सूजन व क्षति हो सकती है। यह मुख्य रूप से महिलाओं को प्रभावित करती है। इसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन दवाओं से प्रबंधन संभव है। आमतौर पर यह 20 से 40 वर्ष की आयु की महिलाओं में सबसे आम है। चिकित्सकों ने बताया कि लूपस का शीघ्र निदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।



### मरीजों को दूसरे राज्य जाने की जरूरत नहीं

अब उन्नत रूमेटोलॉजी सेवाएं संस्थान में उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को विशेष उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। यह अनेक परिवारों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। चिकित्सकों की टीम ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी पूरी की।
- **अशोक जिंदल,** कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ एम्स

### दुर्लभ बॉम्बे ग्रुप दूसरी चुनौती

इस बीमारी का इलाज एक तो दूसरी चुनौती महिला का बॉम्बे ब्लड ग्रुप होना था। आमतौर पर रक्त समूह बेहद दुर्लभ होता है और संभवतः दस लाख में किसी एक का रक्त इस समूह का होता है। महिला की कमजोरी को दूर करने रक्त चढ़ाना एक रास्ता था, मगर उसके ग्रुप का ब्लड मिलना नामुमकिन जैसा था। प्रसव के मात्र छह महीने बाद वह इतनी कमजोर हो गई कि साधारण घरेलू काम करना भी मुश्किल हो गया। पहले उसे कहीं और सीने के संक्रमण और गंभीर एनीमिया का उपचार दिया गया, लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण में केसी पटेल ने बताया भाजपा के बारे में

# भाजपा की रीति-नीति को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा की रीति और नीति को प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया है। प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिलों की टोलियों को क्षेत्रीय प्रशिक्षक गुजराज के केसी पटेल ने भाजपा के बारे में विस्तार से बताया। अब जिलों की टोलियों के प्रशिक्षक जिलों के साथ मंडल और बूथों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान प्रांतीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए पश्चिम-मध्य क्षेत्रीय संयोजक केसी पटेल ने कहा, भाजपा केवल एक चुनावी मशीन नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा, 7 मार्च से 14 अप्रैल तक देश के सभी ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग




आयोजित किए जाएंगे। यह प्रत्येक वर्ग एक रात और दो दिन (कुल 24 घंटे) का होगा। मंडल स्तर के प्रशिक्षण के समापन के बाद 15 अप्रैल से जिलास्तरीय अभ्यास वर्ग शुरू होंगे। इस बार के प्रशिक्षण मॉड्यूल को बेहद आधुनिक और व्यापक बनाया गया है।

### प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रवीण होते हैं : किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मष्ठ, निष्ठावान एवं परिश्रमी होते है। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से 7 प्रमुख विषयों का चयन किया गया है, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा, भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य-पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक सत्र शामिल हैं। जिलास्तरीय वर्गों में 11 अलग-अलग विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

### प्रशिक्षण कार्यकर्ता प्रखर बनते हैः जामवाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर होते हैं। विषय के अच्छे जानकार बनते हैं। भाजपा में प्रशिक्षिति कार्यकर्ता संगठन एवं सरकार के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सहित प्रशिक्षण टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. अवधेश जैन, अभियान टोली के सदस्य एवं प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, श्रीमती शताब्दी पांडेय सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हुए डिप्टी सीएम

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वे लीडर्स प्लेनरी सत्र में शामिल हुए और शासन-प्रशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग पर विशेष रुचि दिखाई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सम्मेलन के दौरान एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली विकसित करने के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया।

### केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने ली पशुधन योजनाओं की जानकारी



**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों का दल 9 से 14 फरवरी तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहा। इस दौरान उन्होंने पशुधन विकास विभाग की केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की छत्तीसगढ़ प्रगति की जानकारी ली। केंद्रीय पर्यवेक्षकों को दल दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले का दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया और पशुपालकों से चर्चा की।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना/स्थल जांच**

प्रति,
1. आवेदक सुधीर बजाज पि. बनवारी लाल बजाज 2. संदीप बजाज 3. राम अवतार अग्रवाल (गोयनका) 4. पुष्पा पोद्दार 5. लूनिया की भूमि 6. निशांत खण्डेलवाल 7. महेश दुहलानी 8. अमित लोहिया
विषय : सीमांकन/स्थल जांच में उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 22.01.2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 450/7 रकबा 2.2020 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सुधीर बजाज पिता/पति बनवारी लाल बजाज निवासी अमरी के द्वारा सीमांकन/स्थल जांच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 23.02.2026 को समय 11.00 से 05.00 बजे किया जावेगा।
अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सूचना जाने।
टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जांच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. को सूचनार्थ 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
**राजस्व निरीक्षक सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना/स्थल जांच**

प्रति,
1. आवेदक संदीप कु. बजाज पि. बनवारी लाल 2. पारिजात एक्सटेंशन 3. निशांत खण्डेलवाल 4. अमित लोहिया पि. बजरंग लोहिया 5. अनुराग लोहिया 6. राम अवतार अग्रवाल 7. नमिता कश्यप पति पी. एम. कश्यप 8. सगीता स्वामी पति नरेश स्वामी 9. महेश दुहलानी पिता शंकर दुहलानी
**विषय: सीमांकन/स्थल जांच में उपस्थित रहने बाबत्।**
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 22.01.2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 450/8, 450/2 रकबा 2.2020, 0.2020 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री संदीप कुमार बजाज पिता/पति बनवारी लाल बजाज निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/स्थल जांच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 23.02.2026 को समय 11.00 से 05.00 बजे किया जावेगा।
अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सूचना जाने।
टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जांच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. को सूचनार्थ 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
**राजस्व निरीक्षक सकरी**

छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल भर्ती, प्रमोशन, सेवा शर्त नियम बदला

# सिपाही से लेकर एएसआई के प्रमोशन के लिए अब जारी होगा टाइम-टेबल, रेंज और जिलों में एक साथ चलेगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल भर्ती, पदोन्नति, तथा सेवा शर्तों के नियम में बदलाव किया है। अब पुलिस मुख्यालय द्वारा आरक्षक के पद से प्रधान आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक के पद से सहायक उप-निरीक्षक की पदोन्नति प्रक्रिया की समय-सारणी जारी की जायेगी, जो संपूर्ण राज्य के सभी रेंज एवं जिला इकाई स्तर पर एक साथ क्रियान्वित होगी।

### पदोन्नति के लिए होगा उपयुक्तता का आकलन

संशोधित नियम में पदोन्नति के लिये उपयुक्तता का आंकलन करने हेतु वरिष्ठता क्रम में कुल रिक्त पदों की संख्या के पाँच गुना तक पात्रता रखने वाले आरक्षक या प्रधान आरक्षक के सेवा अभिलेख निर्धारित प्रारूप में विभागीय समिति के समक्ष रखे जायेंगे। जिनके प्रत्येक चरण में राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा। सेवा मूल्यांकन में पात्र पाए गए किन्हीं कर्मचारियों द्वारा पदोन्नति प्रक्रिया में भाग न लेने हेतु यदि आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो उतनी ही संख्या में वरिष्ठता क्रम से अन्य कर्मचारियों को उसी पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।

### डीजीपी के निर्देश पर होगा ये काम

प्रमोशन के लिए उपयुक्तता तो प्राथमिकता दी जाएगी। उपयुक्तता के संबंध में, मूल्यांकन हेतु प्रक्रिया का निर्धारण पुलिस महानिदेशक द्वारा किया जायेगा। सेवा मूल्यांकन में पात्र पाये गये कर्मचारियों का मूल्यांकन चार्ट एवं वरिष्ठता सूची इकाई जिला स्तर पर तैयार कर जाकर रेंज पुलिस महानिरीक्षक को भेजी जाएगी। कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत दावा एवं आपत्तियों का निराकरण संबंधित रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किया जायेगा। उसके बाद रेंज स्तर पर गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा मूल्यांकन चार्ट का परीक्षण किया जायेगा।




### इंक्रीमेंट पर रोक का दंड है तो क्या होगा

यदि किसी आरक्षक या प्रधान आरक्षक को विभागीय जांच अथवा अन्य कार्यवाहियों में वेतनवृद्धि रोकने का लघु दण्ड मिला हो, तो दण्ड की अवधि समाप्ति या दण्ड का प्रभाव समाप्त होने के बाद ही पदोन्नत किया जायेगा।

### योग्यता सूची में नाम आने के बाद भी हट सकता है नाम

नियम के मुताबिक यदि किसी कर्मचारी का नाम योग्यता सूची पर लाया गया है और पदोन्नति से पूर्व ही उसके विरूद्ध विभागीय जांच, अपराधिक प्रकरण, आदि प्रारंभ हो जाती है तो उसका नाम, संबंधित पुलिस अधीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक के आदेश के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में रखा जाएगा। यदि विभागीय जांच, अपराधिक प्रकरण आदि में दीर्घ या लघु सजा प्राप्त होती है तो सक्षम अधिकारी के आदेशों से उसका नाम योग्यता सूची से हटा दिया जायेगा और यदि वह पूरी तरह दोषमुक्त किया जाता है तो उसका नाम संबंधित पुलिस अधीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक के आदेश से पुनः योग्यता सूची में यथावत स्थापित कर दिया जायेगा। पदोन्नति एवं वरिष्ठता का लाभ नियमानुसार दिया जायेगा तथा वेतन का निर्धारण उसके कनिष्ठ की तुलना में प्रावधानित किया जायेगा, परंतु 'काम नहीं वेतन नहीं' के सिद्धांत के अनुसार उसे बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

### वरिष्ठता की जगह योग्यता को महत्व

नियम में कहा गया है कि आरक्षक के पद पर सीधे नियुक्त किसी व्यक्ति की वरिष्ठता, कार्यभार ग्रहण की तारीख पर विचार किये बिना, उस योग्यता क्रम के आधार पर अवधारित की जाएगी, जिसमें नियुक्ति के लिए उनकी सिफारिश की गई थी। पूर्ववर्ती चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त व्यक्ति, पश्चात्वर्ती चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त व्यक्ति से वरिष्ठ होंगे। प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किसी व्यक्ति की वरिष्ठता, विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा तैयार चयन सूची के आधार पर निर्धारित की जाएगी और ऐसे व्यक्ति की वरिष्ठता उसी क्रम में होगी।

### डीई लंबित हो या आपराधिक प्रकरण तो क्या होगा

पुलिस कर्मियों के खिलाफ यदि कोई विभागीय जांच लंबित हो या आपराधिक प्रकरण लंबित हो तो क्या होगा। इस बारे में भी स्थिति साफ की गई है। विभागीय जांच याअपराधिक प्रकरण उन कर्मचारियों की दशा में जिनके विरुद्ध निलंबन या विभागीय जांच या अपराधिक प्रकरण लंबित हों, पदोन्नति समिति की अनुशंसा, निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में रखी जायेगी। विभागीय जांच या अपराधिक प्रकरण के निराकरण के बाद यदि कर्मचारी को बिना किसी आरोप के पूर्ण रूप से निर्दोष पाया जाता है, तो उसे विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के अनुसार पदोन्नति के उपयुक्त या अनुपयुक्त माना जायेगा। ऐसी रीति में पदोन्नत किये गये कर्मचारी को उसी तिथि से पदोन्नति के समस्त लाभ दिये जायेंगे, जिस तिथि से उसके कनिष्ठ को पदोन्नति दी गई हो, परंतु 'काम नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के अनुसार उसे बकाय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

# ऑल द बेस्ट प्यारे बच्चों, सीएम साय ने दिया परीक्षार्थी बच्चों को संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा- ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चो। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और हौसले के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के नाम अपने आत्मीय संदेश में कहा कि परीक्षाओं का समय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जिसमें उत्साह के साथ थोड़ा तनाव भी स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अकेले नहीं, हम सब आपके साथ हैं।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि परीक्षाओं का समय आ गया है। मैं जानता हूं कि इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और थोड़ा सा तनाव भी, लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए- आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का समय कभी-कभी मन में घबराहट भी लेकर आता है। यह स्वाभाविक है। यदि आपको डर लग रहा है, तो इसका अर्थ है कि आप अपनी पढ़ाई और अपने भविष्य को गंभीरता से लेते हैं।

**डर कमजोरी नहीं जिम्मेदारी का है संकेत**

उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह समझ लीजिए- डर कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का संकेत है, लेकिन इस डर को अपने आत्मविश्वास पर हावी न होने दें। आपने पूरे वर्ष मेहनत की है। हर दिन का प्रयास, हर अभ्यास, हर दोहराव- सब आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़े हैं। आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएं, समय का संतुलन बनाए रखें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन करें और कुछ समय के लिए मोबाइल से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ के सभी विद्यार्थी इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने परिवार तथा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश, किया पुतला दहन

**खास बातें**
- आदिवासी, गरीब और कमजोर वर्ग सुरक्षित नहीं, कांग्रेस ने की कड़ी निंदा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव कुसमी में आदिवासी ग्रामीण रामनरेश राम की निर्मम पिटाई एवं मृत्यु की घटना को लेकर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी चौक में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। बताया जाता है कि मृतक ग्रामीण ने कुछ दिन पूर्व क्षेत्र में हो रहे अवैध बॉक्साइट खनन का खुलकर विरोध किया था।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। शहर अध्यक्ष श्री मेनन ने कहा, भाजपा शासन में आदिवासी, गरीब और कमजोर वर्ग सुरक्षित नहीं हैं।

अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वालों को कुचलने का काम किया जा रहा है, जो प्रशासनिक संरक्षण में पनप रहे माफियाओं की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा, एक गरीब आदिवासी की निर्दयता से पिटाई कर हत्या किया जाना बेहद शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करती है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर पंकज शर्मा, ऐजाज ढेबर, पल्लवी सिंह, देव कुमार साहू, वीरेंद्र देवांगन, किशन बजरी, सुधा सरोज, कमल धृतलहरे, सुजीत सिंह, विनोद ठाकुर, ओम श्रीवास, प्रशांत ठेंगड़ी, मनोज राय, मुन्ना मिश्रा, अमित शर्मा, मोहम्मद फहीम, जीतू भारती, सागर टांडी, गावेश साहू, अस्सु खान, सुशांत डे, वेंकट कुमार, राज देवांगन, मोहसिन खान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सूचना (PUBLIC NOTICE)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र (B.Sc. NSG Degree Certificate) गुम हो गया है। प्रमाण पत्र का विवरण निम्नानुसार है- नाम शीला किरण केरकेत्ता पंजीयन क्रमांक (Registration No.) XXI-10504 रोल नंबर 132454 महाविद्यालय का नाम Rastogi College of NSG, Bhilai अध्ययन अवधि 07-10-2012 से 07-10-2017 उक्त प्रमाण पत्र के 14/02/2026 को गुम होने की जानकारी प्राप्त हुई। आशंका है कि यह रेलवे स्टेशन रायपुर से कोटा की यात्रा के दौरान कहीं गिर गया अथवा खो गया। यदि किसी सज्जन को उक्त प्रमाण पत्र मिले अथवा इसके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए पते/ मोबाइल नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रमाण पत्र का दुरुपयोग करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। यह सूचना भविष्य में डुप्लीकेट प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रकाशित कराई जा रही है।
**शीला किरण केरकेत्ता**
**मोबाइल नंबर : 90988-84373**
**ई-मेल : kerkettakiran373@gmail.com**
**पता : रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी तहसील व जिला - रायपुर**
**-: आम सूचना :-**
दिनांक :- 16/02/2026
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश गोयल पिता स्व. श्री भजन लाल गोयल निवासी सी-1/6 सेक्टर 02 सर्वानंद गार्डन के सामने, गुजराती स्कुल के पास, देवेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम सेरीखेड़ी प.ह.न. 77 रा.नि.म. रायपुर सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि **खसरा नंबर 541/176 रकबा 0.0930 हे.** भूमि का नक्शा में त्रुटि सुधार हेतु स्थल जांच न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20/01/2026 के परिपालन में दिनांक 24/02/2026 को समय अपरांत 11.00 पश्चात किया जाना नियत किया गया है। उक्त नक्शा में त्रुटि सुधार हेतु स्थल जांच से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/स्थल जांच हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर-77 सेरीखेड़ी के स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। सो सूचना जाने।
**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. सेरीखेड़ी**

**आम सूचना**
Date 17/02/2026
**(ग्राम-मौजा- गोगांव, वार्ड क्रमांक 03 संत कबीर दास वार्ड, प.ह.नं. 00050 रा.नि.मं. रायपुर -1, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि ख. नं. 174/156 रकबा 0.0078 हेक्टेयर (840 वर्गफुट) के संबंध में)**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री दिलीप कुमार परीछा एवं श्रीमती रूबी परीछा ने श्री उमेश कुमार अग्रवाल, उम्र 52 वर्ष, पिता- श्री सज्जन कुमार अग्रवाल निवासी-एम.आई.जी. 22 सेक्टर 3, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि ग्राम - मौजा- गोगांव, वार्ड क्रमांक 03 संत कबीर दास वार्ड, प.ह.नं. 00050 रा.नि.मं. रायपुर - 1, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित ख. नं. 174/156 रकबा 0.0078 हेक्टेयर (20x42 = 840 वर्गफुट ) भूमि को क्रय करने का लिखित अनुबंध कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया है इस संव्यवहार पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की आपत्ति तथा हित, स्वत्व, अधिकार स्थापित है वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकारगण ऊपर वर्णित संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन तथा नामांतरण अपने पक्ष में करा लेंगे तत्पश्चात दावा आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगी।
अतः सूचित हो।
भवदीय
**अजय शर्मा (अधिवक्ता)**
**यू - 42, दुबे कालोनी,**
**मोवा रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827167480- 9479200033**

लंबित प्रकरणों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक

# बढ़ती शिकायतों पर सीएस ने जताई चिंता, कहा- 21 दिन में निराकरण न होने पर हो जाती हैं महत्वहीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव ने राज्य में लोक अर्जियों के रूप में आने वाली शिकायतों की बढ़ती संख्या को चिंतनीय बताया है। उनका कहना है कि राज्य में लंबित शिकायतों प्रकरणों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक हो गई हैं। उनका ये कहना भी है कि अगर शिकायतों का निराकरण 21 दिनों के भीतर नहीं होता तो ये महत्वहीन हो जाती हैं। सीएस ने राज्य के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव, सचिव और विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार को लोक अर्जियों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जन शिकायतों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने एवं उसकी समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव ने कहा है- लोक अर्जियों आम जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं की प्रतिबिंब है, मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप इनका तत्काल एवं प्रभावी ढंग से निराकरण किया जाना है।




### शिकायतें बढ़ना चिंतनीय

सीएस ने का है कि वर्तमान समय में लोक अर्जियों जिसमें शिकायतें भी शामिल है कि संख्या बढ़ती जा रही है, जो कि चिंतनीय है। शिकायतों ने निराकरण के लिए 21 दिवस की निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण न होने से इसका महत्व ही समाप्त हो जाता है। वर्तमान में लोक अर्जियों के लंबित प्रकरणों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है।

**अफसर खुद रुचि लेकर करें काम:** निर्देश में वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि आप स्वयं रूचि लेकर विभाग में नियुक्त नोडल अधिकारियों को लोक अर्जियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर, उन्हे वेब पोर्टल एवं जनशिकायत वेबसाइट के अंतर्गत अपने-अपने विभागीय आईडी पर ऑनलाईन अपलोड करते हुए अद्यतन जानकारी माह के प्रथम सप्ताह में विभाग को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करें। मुख्य सचिव ने ये भी कहा है कि इन निर्देशों के परिपालन में की गई कार्यवाही से मुझे 15 दिवस के भीतर अवगत करावें।

# कांग्रेस का राज्य सरकार पर हमला बांग्लादेश बनता जा रहा छत्तीसगढ़

**रायपुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. अमीनुल खान सूरी ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, आज छत्तीसगढ़ बांग्लादेश बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अल्पसंख्यकों के साथ प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ रही हैं। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में डॉ. सूरी ने कहा, छत्तीसगढ़ को लंबे समय तक "शांति का टापू" कहा जाता रहा है, लेकिन वर्तमान हालात चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है और प्रशासन संवेदनशील मामलों में



गंभीरता नहीं दिखा रहा। उन्होंने कहा, कब्रिस्तान से जुड़े मामलों में अनावश्यक विवाद खड़े किए जा रहे हैं। साथ ही क्रिसमस के दिन मॉल में सांता क्लॉज की प्रदर्शनी में तोड़फोड़ जैसी घटनाएं सामाजिक सौहार्द पर चोट करती हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों बन रही हैं? शासन-प्रशासन इन मामलों पर मौन क्यों है? क्या प्रदेश में सामाजिक सौहार्द्र को कमजोर करने की कोशिश हो रही है?










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आरंग में मेगा स्वास्थ्य कैंप आज

**आरंग।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 18 फरवरी को चिरायु द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। कैंप में हृदय, नेत्र, दंत, शिशु रोग, त्वचा, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञों सहित फिजियोथेरेपिस्ट की टीम उपस्थित रहकर सेवाएं देगी।

### दिगम्बर ने दिया न्योता भोज

**आरंग।** संकुल खमतराई अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भोथली प्रधान पाठक दिगम्बर बरीहा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपनी खुशियों को बच्चों के साथ शेयर किया एवं प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 82 विद्यार्थियों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी और भजिया परोसा। जिससे विद्यालय में हर्षमय वातावरण छा गया। इस अवसर पर शैक्षिक समुदाय तारावती बंजारे, अजीत जांगड़े, सुंदर लाल साहू, विनोद कुमार यादव, विष्णु प्रसाद ध्रुव, कृष्णा चंद्राकर, ममता तांडव आदि एवं पालकों की उपस्थिति रही।

### जन्मदिन पर शिक्षिका ने दिए न्योता भोज



**आरंग।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गोईन्दा में आओ खुशियां बॉटो न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्याह्न भोजन में निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार के रूप मे समोसे , जलेबी व मिठाई का वितरण किया गया। साथ में बच्चो को पेन व पेंसिल भी प्रदान किया गया। उक्त आयोजन प्राथमिक शाला की शिक्षिका वंदना साहू के जन्मदिन अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अधिक से अधिक पोषण आहार मिल सके, जिससे कि उनका शारीरिक व बौद्धिक विकास हो सके। साथ ही बच्चों, शिक्षकों व पालकों के बीच सौहार्द्र पूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक पूरन लाल महेश्वर, शिक्षक भागवत ठाकुर ,शिक्षिका गीता साहू, यशोदा ध्रुव, देव कुंवर ध्रुव, लता बंजारे, रसोइया व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निधन

### रुखमनी बाई साहू

**आरंग।** बैहार निवासी रुखमनी बाई साहू का सोमवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गोपाल राम साहू की पत्नी व देवेंद्र साहू की मां थी।



**सम्मेलन : जनप्रतिनिधियों का वार्षिक सम्मेलन संपन्न**

# विकास के लिए भेदभाव की राजनीति नहीं, सेवा सर्वोपरिः इंद्रकुमार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर





जनपद पंचायत एवं सरपंच संघ के तत्वाधान मे त्रि स्तरीय पंचायत के सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधियो का एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक सम्मेलन जनपद पंचायत प्रागंण मे आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू, अध्यक्षता जपं. अध्यक्ष चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी, जिपं. सदस्य पूजा लोकमणी कोसले, चन्द्रकला ध्रुव, जप पूर्व अध्यक्ष खेमराज कोसले, खेलूराम साहू, तहसीलदार सीता शुक्ला आदि प्रमुख लोगों उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने पंच, सरपंच, जनपद के कार्यकाल को याद करते हुए पंचायत प्रतिनिधियो के समक्ष अपने अनुभव को साझा करते हुए पंचायत मे होने वाली परेशानी तथा उसके निराकरण के लिए विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास के लिए हमारे दरवाजे सदा खुले है, स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे किसी भी पार्टी से ताल्लुक रखता हो गांव के विकास से संबंधित कार्यो के लिए प्रयास करूंगा। उन्होने सभी जनप्रतिनिधियो को कहा कि यह कोई स्थायी पद नहीं है यह जनता के आशीर्वाद व समर्थन से मिलता है, अपने गांव व क्षेत्र मे ऐसा कार्य करे कि पद में रहे या न रहे, उनके किए गए कामों से उनका नाम सदैव याद किया जाए, गांव के सरपंचों से आह्वान किया कि पंचायत संबंधी जानकारियो का अध्ययन करें, सरपंच के अधिकार क्षेत्र मे सैकड़ों योजनाएं है जिससे अभिज्ञ होते है, गांव के मूलभूत समस्याओं के साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले यह भी प्राथमिकता मे रखे।

### सामूहिक चर्चा और कार्ययोजना

गांव को स्वच्छ रखने के लिए अंडरग्रांउड नाली का निर्माण करने वाले पंचायतो को विधायक निधि से सहयोग करने का आश्वसन दिया, पूर्व में सरपंचों को राजनीतिक द्वेष वश धारा 40 जैसे प्रावधानों का उपयोग किया जाता था लेकिन सभी सरपंचों को आश्वत करता हूं कि बिना किसी गंभीर अनिमियतता के बेवजह परेशान नही होना पड़ेगा, गांव की आमजनता के साथ बैठकर कार्य योजना बनाये जिससे विरोधाभास उत्पन्न न हो, दो वर्ष के कार्यकाल मे पंचायतों में निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं आने वाले समय में विकास कार्यो को और वृद्धि होगी। इस मौके पर जनपद पंचायत प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे, सभापति चंचल राजा दीवान, विवेक तिवारी, संतराम साहू, वर्षा संतोष मिश्रा, हेमलता विनोद चंन्द्राकर, ब्रम्हानंद साहू, नंदनी खुटियारे, मेनका पटेल, हिमांशु खरे, तनुमहेश साहू, सरपंच भरत बैस, नेहरू साहू, झाडू राम धृतलहरे, शशि प्रकाश साहू, तृप्ती बल्ला तिवारी, बंसत कोसरे, ओमकार बंजारे, भारती साहू, भागीरथी बारले, सावित्री कोसले, हेमलता साहू सहित जनपद सदस्य, सरपंच शामिल हुए।

# पेपर दिलाने जा रहे पति-पत्नी को बस ने मारी टक्कर, पति की मौके पर मौत, पत्नी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



अभनपुर-रायपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का उपचार सोनी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलएम 6508 में सवार रोशन चंद्राकर (36 वर्ष) अपनी पत्नी राजेश्वरी चंद्राकर के साथ कॉलेज का पेपर दिलाने अभनपुर से रायपुर स्थित महंत कॉलेज जा रहे थे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ ढाबा के पास पीछे से आ रही यात्री बस क्रमांक सीजी 23 ई 0145 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोशन चंद्राकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि मृतक रोशन चंद्राकर मूलतः अवरी पाटन के निवासी थे और कोलर स्थित एक बिस्किट कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। वहीं उनकी पत्नी राजेश्वरी चंद्राकर नयापारा स्थित फूलचंद कॉलेज में शिक्षिका हैं। दोनों वर्तमान में अभनपुर के खुशबू नगर में किराये के मकान में निवास कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा हॉस्पिटल पहुंचाया। मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

■ कॉलेज की परीक्षा दिलाने बाइक से अभनपुर से रायपुर स्थित महंत कॉलेज जा रहे थे

### पुलिस की कार्रवाई

हादसे की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत विवेचना शुरू कर दी है। युवक की मौत की खबर फैलते ही खुशबू नगर और उनके गृह ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मंत्री गुरु खुशवंत के नेतृत्व में निकलेगी विराट पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सतनामी समाज की आस्था, एकता और सामाजिक समरसता के पावन उद्देश्य को लेकर रायपुर से पवित्र गिरौदपुरी धाम तक 18 से 22 फरवरी तक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आशीर्वाद एवं राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी के सानिध्य में युवराजगुरु गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।



पदयात्रा को प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे-मनखे एक समान के प्रेरक संदेश के साथ यह ऐतिहासिक पदयात्रा समाज व प्रदेश में भाईचारा, समानता और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेगी।

परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के पावन आशीर्वाद एवं गुरु परंपरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस पदयात्रा का शुभारंभ 18 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे सतनाम भवन, मोवा (रायपुर) से किया जाएगा। 5 दिवसीय यह यात्रा लगभग 145 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए 40 से अधिक गांव एवं शहरों से होकर गुजरेगी और गिरौदपुरी धाम में समापन होगा। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंथी नृत्य, सतनाम अखाड़ा प्रदर्शन, धूमाल एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही समरसता भोज एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशामुक्ति, स्वच्छता, शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और समरसता का महाअभियान है, जो गुरु घासीदास बाबा जी के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।समस्त मानव समाज,सतनामी समाज, प्रदेशवासियों एवं श्रद्धालुजनों से आह्वान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर इस ऐतिहासिक पदयात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

# रसनी में राष्ट्रीय गौरव रथ यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



भारत क्रांति मिशन द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय गौरव रथ यात्रा' (14 से 19 फरवरी) नासिक से प्रारंभ होकर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए 19 फरवरी को जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी।मंगलवार सुबह 9 बजे ग्राम रसनी स्थित चन्द्राकर समाज परिसर (नेशनल हाईवे सर्विस रोड, ओवरब्रिज के पास) में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर वतन चन्द्राकर के नेतृत्व में सैकड़ो समाज जनों ने यात्रा का गरिमामय स्वागत किया गया।

यात्रा के साथ शिवाजी महाराज के वंशज भी शामिल हैं, जिनका समाजजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अभिनंदन किया।आयोजकों के अनुसार लगभग 500 श्रद्धालुओं के साथ निकली यह रथयात्रा 19 फरवरी को पुरी पहुंचेगी, जहां शिवाजी महाराज के वंशजों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा जगन्नाथ पुरी में स्थापित की जाएगी। यात्रा का उद्देश्य महाराज के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। रसनी उपक्षेत्र सामाजिक भवन मेंआयोजित स्वागत समारोह में उपक्षेत्र आरंग नगर के सामाजिक पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान जय भवानी, जय शिवाजी और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में पूर्व राज अध्यक्ष वतन चंद्राकर, शंकरलाल चंद्राकर, उपक्षेत्र अध्यक्ष खूबचंद चंद्राकर, के.के. भारद्वाज, दिनेश चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, डोमार सिंह चंद्राकर, होरी चंद्राकर, जगमोहन चंद्राकर, सचिव भारत चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, अमन चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, विकास चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं युवा उपस्थित रहे।चन्द्राकर समाज द्वारा किए गए इस भव्य स्वागत ने सामाजिक एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया। आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# रायपुर से गिरौदपुरी तक बहेगी समरसता की धारा, सेमरिया में होगा भव्य स्वागत

**मंदिर हसौद।** धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में छ.ग. शासन के कैबिनेट मंत्री एवं सतनामी समाज के युवराज धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब 18 फरवरी (बुधवार) को राजधानी रायपुर के आदर्श नगर मोवा स्थित सतनाम भवन से प्रातः 8 बजे पांच दिवसीय सतनाम सद्भाव पदयात्रा करने जा रहे है। जिसका आरंग विधानसभा क्षेत्र के सेमरिया में चित्ररेखा नरेन्द्र कुर्रे आरंग जनपद के नेतृत्व में सैकड़ों सर्व मानव सामाजिक के श्रद्धालुओं के साथ गुरु अमरदास बाराडेरा धाम से गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर सैकड़ो लोगों के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे जहां विशाल सतनाम सद्भावना संदेश यात्रा की भव्य स्वागत किया जायेगा। जिसका समापन 22 फरवरी को पवित्र गिरौदपुरी धाम में होगा। गुरुजी के संदेश समानता, सद्भाव एवं समरसता के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस पदयात्रा में बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे -मनखे एक समान के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्वेत वस्त्र धारण कर सफेद ध्वज लहराते हुए सतनामी समाज के लोग साथ चलेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब प्रथम दिवस 18 फरवरी को सुबह 8 बजे सतनाम भवन, मोवा स्थित पवित्र जैतखाम व गुरुगद्दी की विशेष पूजा अर्चना व मंगल आरती करके पदयात्रा प्रारंभ करेंगे जो सेमरिया, दोंदेखुर्द, दोदेंकला होते हुए सारागांव पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेंगे।



# पीएम श्री अरुंधति स्कूल में विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



पीएम श्री अरुंधति देवी उत्कृष्ट स्कूल में विदाई समारोह बेहद सादगी और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूप नाथ योगी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य संध्यारानी बारीक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि खिलेश धुरंधर ने अपने संबोधन में छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं जीवन की नई चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने छात्रों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के दौरान 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए। कई छात्र भावुक नजर आए और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 11वीं के बच्चों एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। शिक्षक मनोज शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन की नई पारी के लिए शुभाशीष प्रदान किया।

# खोरपा आत्मानंद स्कूल में समस्याओं का अंबार

**अभनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में खोरपा स्थित श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में पीसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रतिनिधि ब्रम्हानंद सिंह ठाकुर, अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष भोला सोनवानी, जिला सदस्य प्रतिनिधि लोकमणी कोशले एवं खोरपा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से उठाया। बताया गया कि कांग्रेस शासनकाल में जहां पूर्व में लगभग 5 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया था, वहीं वर्तमान में भी लगभग 2 लाख रुपये बिजली बिल लंबित है। इसके अलावा ढाई लाख रुपये तक अन्य देनदारियां भी बकाया बताई गईं।विद्यालय में कंप्यूटर की कमी, शिक्षकों की कमी, कक्ष कक्षों एवं शौचालयों की अपर्याप्त व्यवस्था, अतिरिक्त भवन में उपतहसील का संचालन, छात्रों को पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म समय पर उपलब्ध नहीं होने जैसी कई मूलभूत समस्याएं सामने आईं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है।

इस अवसर पर कांग्रेस अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें अभनपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती निमा निंबेकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. नारायण साहू, अजय सेन, श्रीमती पूजा साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू, अनुसाईया साहू, अश्वनी देवांगन, कन्हैया शर्मा, तरूण साहू, शत्रुहन यादव, पुष्पेन्द्र धुव, भीखम निषाद, गुलाब साहू, अजय सोनवानी, घनश्याम यादव, कोमल यादव, उधोराम साहू, महेश साहू, रामजी साहू, विनोद साहू, ठाकुर राम धुव, नंदकुमार साहू, शैलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रसायन में शत-प्रतिशत अंक के लिए अपनाएं स्मार्ट रणनीति : डॉ. बेद लाल

**आरंग।** बोर्ड परीक्षाओं की उलटी गिनती शुरू होते ही विद्यार्थियों की तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रसायन विज्ञान व्याख्याता डॉ. बेद लाल साहू ने विद्यार्थियों को अधिक अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन से रसायन विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। डॉ. साहू ने बताया कि रसायन विज्ञान में सफलता का मूल मंत्र अवधारणाओं की स्पष्ट समझ है। केवल रटने के बजाय रासायनिक अभिक्रियाओं के सिद्धांत, संरचनात्मक सूत्र और तत्वों के गुणों को समझना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन रासायनिक समीकरणों को संतुलित करने का अभ्यास करने की सलाह दी। साथ ही संख्यात्मक प्रश्नों का नियमित अभ्यास करने पर जोर दिया। उनका कहना है कि भौतिक रसायन में सूत्रों का चार्ट बनाकर बार-बार दोहराना लाभकारी होता है। अकार्बनिक रसायन के लिए आवर्त सारणी, पी-ब्लॉक, डी-ब्लॉक एवं एफ-ब्लॉक तत्वों की प्रवृत्तियों को समझने और चार्ट के माध्यम से याद रखने की सलाह दी गई। वहीं कार्बनिक रसायन में सभी क्रियात्मक समूह, नेम रिएक्शन और रिएक्शन मैकेनिज्म की अलग नोटबुक बनाकर अभ्यास करने को कहा। डॉ. साहू ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों के प्रश्नपत्र और सैंपल पेपर हल करने से परीक्षा पैटर्न समझने में मदद मिलती है। उत्तर लिखते समय समीकरण, उदाहरण और सटीक लेबलयुक्त आरेख अवश्य बनाएं, इससे अतिरिक्त अंक मिलते हैं। उन्होंने समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि प्रश्नपत्र को पहले ध्यानपूर्वक पढ़ें और जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छे से आते हों, उनसे शुरुआत करें।



## पेज 11 के शेष

### सीबीएसई परीक्षाएं तीन बड़े ...

शॉर्टहैंड (इंग्लिश और हिंदी) के पर्चे हल किए। बीते वर्षों में कुछ मिनट देर के चलते छात्रों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोके जाने जैसी घटनाएं सामने आई थी। इसे देखते हुए इस बार छात्र निर्धारित समय से पर्याप्त पहले पहुंचे। अतः किसी भी केंद्र में वाद-विवाद जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई। सीबीएसई की परीक्षाएं इस बार तीन बड़े बदलावों के साथ आयोजित हो रही है। इन बदलावों के अंतर्गत सीबीएसई 2026 से दसवीं कक्षा में दो परीक्षाएं शुरू कर रहा है। कक्षा बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाएं इस साल से ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से चेक की जाएंगी। आंसरकॉपी स्कैन की जाएंगी, फिर कंप्यूटर में अपलोड की जाएगी और इसके बाद सेंटर्स में जाकर टीचर्स कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियां चेक करेंगे। तीसरे बदलाव के अंतर्गत विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के प्रश्नपत्र अलग-अलग सेक्शन में विभाजित होंगे। विज्ञान तीन सेक्शन में और सामाजिक विज्ञान का पेपर चार हिस्सों में विभाजित किया जाएगा। उत्तर पुस्तिका भी इस सेक्शन के अनुसार विभाजित रहेगी। किसी एक सेक्शन का उत्तर किसी दूसरे सेक्शन में लिखने पर अंक नहीं दिए जाएंगे।

### डीएड अभ्यर्थियों की रैली ...

तूता के धरना स्थल के मुख्य द्वार पर ही सुबह 10 बजे से ताला जड़ दिया। यही नहीं, पुलिस के जवान बड़ी संख्या में धरना स्थल परिसर में मौजूद रहे। रैली में बाधा डालने और धरना स्थल से आगे नहीं निकलने को लेकर महिला अभ्यर्थियों के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। इस दौरान रायपुर की डीएड अभ्यर्थी पूर्णिमा ध्रुव, कवर्धा के दीपक चंद्रवंशी, खैरागढ़ की सुधा वर्मा, जांजगीर के अमित देवांगन, राजनांदगांव के मनोज आल्हा और कांकेर के पंकज बेहोश होकर गिर पड़े। इन्हें एंबुलेंस से अभनपुर के अस्तपाल में उपचार के लिए पहुंचाया गया।

### हैंडओवर के पहले कॉलोनियों ...

और खराब सड़कें हैं। हैंडओवर लेने के पहले इनका सही आकलन जरूरी है। अधिकतर कालोनियों में जलापूर्ति की पाइपलाइन डेढ़ दशक से अधिक पुरानी है, जिनकी उपयोग अवधि लगभग समाप्ति पर है।

### 8 साल बाद आज कुरुद पहुंचेगी...

अपनी तैयारी पूरी कर ली है। ट्रॉयल के बाद रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलती ही ट्रेन का परिचालन कुरुद तक शुरू हो जाएगा। इससे यात्रियों को यहां तक पहुंचना सरल हो जाएगा। बता दें कि करीब एक सदी तक सेवा देने के बाद रायपुर–धमतरी की नैरोगेज (छोटी लाइन) को साल 2017 में बंद कर दिया गया, ताकि इसे आधुनिक ब्रॉडगेज लाइन में बदला जा सके। अब लगभग आठ साल बाद यह मार्ग नए रूप में फिर से शुरू होने जा रहा है। ट्रायल को लेकर रेलवे ने लोगों को पटरियों के करीब आने से मन किया है। किसी भी तरह की जान या माल की क्षति के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं होगा ।

**इस तरह हुआ रायपुर से कुरुद रेल का विस्तार :** रायपुर से कुरुद तक पहला खंड 10 सितंबर 1900 को शुरू हुआ। इसके बाद अभनपुर जंक्शन से राजिम के लिए सेवा 15 अक्टूबर 1900 को शुरू हुई। कुरुद से धमतरी तक ट्रेन 17 दिसंबर 1900 को चली। बाद में नवापारा से राजिम तक विस्तार किया गया, जो 13 मई 1906 को शुरू हुआ। वर्तमान में अभनपुर-राजिम खंड का गेज कन्वर्जन पहले ही पूरा हो चुका है। यहां यात्री सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। रायपुर से अभनपुर और राजिम तक मेमू ट्रेनें सफलतापूर्वक चल रही है। नवा रायपुर में लूप लाइन नंबर-05 की गति सीमा 15 किमी/घंटे से बढ़ाकर 30 किमी/घंटे कर दी गई है। मंदिर हसौद–अभनपुर खंड पर गति सीमा अब 110 किमी/घंटे तक है।

### 66 लाख रुपए की लागत से ...

औपचारिक रूप से पूर्व रेलवे के अधीन आ गया। इस तरह यह ऐतिहासिक रेल मार्ग पूरी तरह भारतीय रेलवे के प्रबंधन में आ गया। रायपुर–धमतरी नैरोगेज लाइन की योजना 19वीं सदी के अंतिम दौर में बनी थी। उस समय पूरी लाइन 66 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई थी, जो उस युग में बड़ी रकम मानी जाती थी।

### दुर्लभ लूपस ने छीन ली थी मां...

आया था। प्रारंभिक जांच के बाद उसे जनरल मेडिसिन विभाग में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों को सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस (एसएलई) का संदेह हुआ। क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग के डॉ. जॉयदीप सामंता और डॉ. रश्मि रंजन साहू ने जांच के बाद पता लगाया कि वह गंभीर बहु-अंग लूपस से पीड़ित है, जिसने उसके मस्तिष्क, गुर्दों, फेफड़ों और रक्त प्रणाली को प्रभावित किया है। हीमोग्लोबिन का स्तर अत्यंत कम होने और रक्तदाता उपलब्ध न होने के बावजूद, चिकित्सकों ने सावधानीपूर्वक इम्यूनोसप्रेसिव उपचार शुरू किया। धीरे-धीरे उसके अंगों की कार्यक्षमता में सुधार होने लगा। उसकी मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई थी, जिसके लिए मनोचिकित्सकों और एक न्यूरोलॉजिस्ट सहित बहु-विषयक टीम ने इलेक्ट्रोकोन्वल्सिव थेरेपी शुरू की। आठ सत्रों और दवाओं के संयोजन से वह धीरे-धीरे फिर से बोलने लगी। दो महीने के गहन उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फरवरी में वह पुनः ओपीडी में आत्मविश्वास से चलती हुई और अपने शिशु को गोद में लिए हुए पहुंची। बीमारी के दौरान वह बेहद कमजोर हो गई थी और बच्चे को गोद में लेकर दूध भी पिलाना दूभर हो गया था। इसका असर उसकी मानसिक स्थिति पर भी हुआ था और गुमसुम रहने के दौरान वह अचानक कभी हंसना तो कभी रोना शुरू कर देती थी।

# चरौदा में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी



**आरंग।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए एक से बढ़कर एक विज्ञान संबंधी मॉडलों का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में जल चक्र, जल शुद्धीकरण, पर्यावरण प्रदूषण, सौर पैनल से ऊर्जा उत्पादन, मानव जीवन चक्र, पौधे के विभिन्न अंग, पवन चक्की, मानव मस्तिष्क, मानव नेत्र, मानव कंकाल आदि मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच जागृत होती है और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है। इस मौके पर संस्था प्रमुख के. के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

## राज्य उपभोक्ता आयोग में प्रेस कॉन्फ्रेंस आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन पंडरी पुराना बस स्टैंड स्थित आयोग के कार्यालय में रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग के अधिकारी एवं न्यायमूर्ति उपभोक्ता मामलों के त्वरित निराकरण, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा हाल ही में पारित महत्वपूर्ण आदेशों के संबंध में चर्चा करेंगे।

## निधन

### नामोमल मंधान



रायपुर। टैगोर नगर निवासी नगरीय निकाय विभाग के पूर्व एसई नामोमल मंधान का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कैट के कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान और पूर्व पार्षद कविता ग्वालानी के पिता थे।

### निर्मला देवी श्रीश्रीमाल



रायपुर। महासमुंद गांधी चौक निवासी स्थानीय जैन श्री संघ की धर्मनिष्ठ सुश्राविका निर्मला देवी श्रीश्रीमाल (83) का 17 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे धरमचंद श्रीश्रीमाल की पत्नी, राजेश श्रीश्रीमाल की माता एवं ऋषभ श्रीश्रीमाल की दादी थीं।

### दिलीप कौर अज्जी



रायपुर। कापा लोधीपारा निवासी दिलीप कौर अज्जी (97) का निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार 17 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कुलजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, चरणजीत सिंह अज्जी की माता थीं।

### नीलाभ सिंह ठाकुर



रायपुर। कटोरा तालाब निवासी नीलाभ सिंह ठाकुर का 17 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को सुबह 9 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# रंग खेलने वाले दिन भी बिकेगी शराब, हुड़दंगियों पर लगाम कसने लगाना पड़ेगा अतिरिक्त बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली त्योहार में इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन रंग-गुलाल खेलने वाले दिन बुधवार को भी प्रदेशभर में शासकीय शराब दुकानें खुली रहेंगी। शासन के इस आदेश ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों की चिंता भी बढ़ा दी है, क्योंकि होलिका दहन के दूसरे दिन रंग-गुलाल खेलने दिन सबसे ज्यादा लोग शराब सहित अन्य कई तरह का नशा कर हुड़दंग करते हैं।

इन हुड़दंगियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के अधिकारियों से लेकर जवानों को प्रमुख सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक चौराहों पर तैनात भी किया जाता है, लेकिन अब शराब दुकानें भी इस दिन खुली रहेंगी, जिसके कारण पुलिस को उनकी भी निगरानी करनी होगी। सूत्रों से पता चला है कि इस होली में शराब दुकानों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि शराब बिक्री के दौरान किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके।

## राज्य सरकार ने चालू वर्ष में इस नियम में बदलाव किया

### अतिरिक्त पुलिस बल की पड़ेगी जरूरत

हुड़दंगियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को होलिका दहन के दूसरे दिन अतिरिक्त बल की आवश्यकता पड़ेगी, क्योंकि प्रदेश के हर जिले में शासकीय शराब की दुकानें संचालित हैं। रायपुर जिले की बात करें, तो यहां देशी-विदेशी 79 शराब की दुकानें संचालित हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें राजधानी में लगभग 40 दुकानें संचालित हैं। इनमें ज्यादातर दुकानें मुख्य मार्ग से लगी हुई हैं, जिसके कारण इन दुकानों के कारण इन मार्गों पर सबसे ज्यादा शराबियों द्वारा हुड़दंग किए जाने की संभावना रहेगी। इसे देखते हुए इन सभी शराब दुकानों के पास भी पुलिस जवानों को तैनात किए जाने की संभावना है।



### गांधी की पुण्यतिथि के दिन भी खुली रही दुकानें

राज्य सरकार ने होलिका दहन के दूसरे दिन के अलावा 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तथा मोहर्रम के दिन भी शराब दुकानों को खुली रखने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बीते 30 जनवरी को भी सभी शराब दुकानें खुली रहीं। इससे पहले इन दोनों दिवस के दिन भी शराब की दुकानें बंद रखी जाती थीं। उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के दूसरे दिन, 30 जनवरी को तथा मोहर्रम के दिन शराब दुकानों को खोले रखने का आदेश राज्य सरकार ने अलग से जारी किया है। देश के अन्य कई राज्यों में इन तीनों दिन शराब दुकानें अभी भी बंद रखने का ही आदेश है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया है, ताकि इन दिनों में भी शराब की जमकर बिक्री हो सके। हालांकि इस आदेश का विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं ने कड़ा विरोध भी जताया है।

### वर्षों पुराना नियम बदला

होलिका दहन के दूसरे दिन शराब दुकानों को बंद करने का नियम कई दसक से चला आ रहा है। यह नियम इसलिए बनाया गया था कि रंग-गुलाल खेलने वाले दिन शराब दुकानों में बिक्री के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे और शांतिपूर्ण रूप से होली मन सके, लेकिन राज्य सरकार ने चालू वर्ष में इस नियम को बदल दिया है। यही वजह है कि होलिका दहन के दूसरे दिन भी अब शराब दुकानें खुली रहेंगी।

## स्थानीय फेरी लगाने वालों को ही मिलेगी बाजार में अनुमति

# मौदहापारा में संडे बाजार में अब हर दुकानदार को देना होगा पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ महापौर मीनल चौबे ने नगर निवेश अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

राजधानी के मौदहापारा में प्रत्येक रविवार को सड़क पर लगने वाले संडे बाजार को अब सुवयवस्थित रूप मिलेगा। प्रत्येक दुकानदार को अपना पहचान पत्र नगर निगम को देना होगा। बिना पहचान पत्र वालों को बाजार में एंट्री नही मिलेगी। संडे बाजार में स्थानीय फेरी वालों को ही व्यवसाय की अनुमति दी जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। महापौर ने शहर में नियमित रूप से लगने वाले संडे बाजार को व्यवस्थित कर सड़क मार्ग में यातायात सुगम बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश नगर निगमके संबंधित अधिकारियों को दिए।

दरअसल, नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित मौदहापारा में प्रत्येक रविवार को संडे बाजार लगता है, सड़क के दोनों ओर अव्यवस्थित रूप से बाजार लगने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी होती रही है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को महापौर कक्ष में नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता नितिश झा, सोहन गुप्ता उप अभियंता अमित सरकार की उपस्थिति में बैठक ली। महापौर मीनल चौबे ने जनहित का विशेष ध्यान रखकर संडे बाजार की व्यवस्था को नगर में सभी के लिए व्यवस्थित बनान नगर निगम, बाजार विभाग, नगर निवेश, यातायात, पुलिस प्रशासन और जोन 2 की टीम के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाने निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि संडे बाजार में स्थानीय निवासी फेरीवाले को ही व्यवसाय की अनुमति दी जाए,अन्य बाहर के व्यवसायिओं को व्यवसाय करने की अनुमति न दी जाए। संडे बाजार के व्यवसायिओं के पस मान्य आईडी अनिवार्य रूप से रहे। साथ ही मौदहापारा के संडे बाजार में पूर्व से की गई व्हाइट लाइन की सीमा के भीतर बैठकर ही व्यवसाय करें। महापौर ने कहा कि कि संडे बाजार का दायरा सीमित किया जाए ताकि बाजार अव्यवस्थित और अस्त व्यस्त न हो।



### आवश्यक बैठक लेकर दिशा- निर्देशों से कराएंगे अवगत

मीनल चौबे के निर्देश पर नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा 18 फरवरी को नगर निवेश विभाग, बाजार विभाग जोन 2 एवं पुलिस प्रशासन यातायात पुलिस, मौदहापारा पुलिस सहित संडे बाजार में व्यवसाय करने वाले, फेरी वालों की आवश्यक बैठक लेकर दिशा- निर्देशो से अवगत कराएंगे।

# द रामेश्वरम कैफे की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 45.26 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक कारोबारी से 56 लाख 26 हजार रुपए की ठगी हो गई। कारोबारी को कुछ लोगों ने खुद को द रामेश्वरम कैफे का मालिक अल्ट्रन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का प्रतिनिधि बताकर कंपनी का फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर उससे रकम की ठगी कर ली। इस मामले की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार व्यवसायी आशीष तिवारी निवासी साईं नगर जेल रोड ने शिकायत दर्ज कराई है कि 3 जनवरी को उसके मोबाइल नंबर पर 9583972865 और 9556434211 सिम नंबर से कॉल आया था। मोबाइल धारक ने खुद को द रामेश्वरम कैफे का मालिक तथा दूसरा कंपनी अल्ट्रन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया था। इन दोनों धारकों ने बातचीत में आशीष को रायपुर में कंपनी का फ्रेंचाइजी दिलाने का ऑफर दिया, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। इसके बाद फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर मोबाइल धारकों ने कई मदों के नाम पर अलग-अलग तिथियों में आशीष से रकम जमा कराई। इसमें 15 जनवरी को लोकेशन लॉक करने के नाम पर 1.65 लाख, 21 जनवरी को फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के नाम पर 3.75 लाख, 22 जनवरी को एनओसी के लिए 2.25 लाख, 23 जनवरी को सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर 3 लाख, 27 जनवरी को फ्रेंचाइजी सर्टिफिकेट के लिए 5 लाख, 30 जनवरी को ट्रेड लाइसेंस तथा सेटअप के नाम पर 7 लाख रुपए, 5 फरवरी को इंफ्रास्ट्रक्चर सेटअप के नाम पर 9.79 लाख, 10 फरवरी को फुल पेमेंट के नाम पर 9.55 लाख, 11 फरवरी को जीएसटी के लिए 7.26 लाख तथा 13 फरवरी को शेष सेटअप कॉस्ट के नाम पर 7 लाख रुपए जमा कराए। इस तरह अलग-अलग तारीख में अलग-अलग खातों में आशीष से यह राशि ट्रांसफर कराई गई। इस तरह आरोपियों ने कुल 56 लाख 26 हजार 264 रुपए की राशि ट्रांसफर कराने के बाद भी फ्रेंचाइजी नहीं दिलाई।



### ठगी का अहसास होने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

इधर आशीष तिवारी को तब ठगे जाने का अहसास हुआ, जब इतने लाखों रुपए ट्रांसफर करने के बाद भी आरोपियों द्वारा फ्रेंचाइजी नहीं दिलाई गई और संपर्क करने पर उनका मोबाइल नंबर बंद मिला। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस धारा 318-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## राजिम-छुरा मुख्य जिला मार्ग के लिए 145.62 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। राज्य शासन ने गरियाबंद जिले के राजिम से छुरा मुख्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 145 करोड़ 62 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 43.5 किमी लंबे इस मार्ग को चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से आज राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है।


## बिजनेस साइट

### क्रेडाई सम्मेलन में 'रिफॉर्म 2.0' डिजिटल नेटवर्क क्षमता पर जोर



रायपुर। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की पहल पर राज्य में भवनों की डिजिटल रैंकिंग लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में प्रदेशभर के डेवलपर्स और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सेमिनार में 'रिफॉर्म 2.0' के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र में डिजिटल ढांचे को अनिवार्य बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। आईटी विभाग के ज्वाइंट सेक्रेट्री प्रभात मलिक ने बताया कि अब आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं की डिजिटल नेटवर्क क्षमता के आधार पर रैंकिंग होगी, जिससे केंद्र से मिलने वाली सहायता और सब्सिडी भी प्रभावित होगी। अधिकारियों के अनुसार, इससे प्रदेश में तकनीकी रूप से सक्षम भवनों को बढ़ावा मिलेगा। टाउन एंड प्लानिंग विभाग ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर 100 दिनों में प्रोजेक्ट स्वीकृति का दावा किया है। सम्मेलन में कॉलोनाइजर नियमों के एकीकरण और री-डेवलपमेंट नीति सहित कई सुझाव शासन को सौंपे गए।

### कालड़ा हॉस्पिटल में विशेष राइनोप्लास्टी वर्कशॉप 1-2 मार्च को



रायपुर। पचपेड़ीनाका धमतरी रोड, कलर्स मॉल के आगे स्थित कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 1 और 2 मार्च को सुबह 10 बजे से विशेष राइनोप्लास्टी (नाक सर्जरी) वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। यह जानकारी अस्पताल के निदेशक एवं सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने दी। वर्कशॉप में अंतर्राष्ट्रीय फेशियल प्लास्टिक सर्जन डॉ. नासिर तथा डॉ. सुनील कालड़ा अपनी सेवाएं देंगे। विशेषज्ञों द्वारा जन्मजात टेढ़ापन, चोट के बाद नाक का पुनर्निर्माण, सांस की तकलीफ से जुड़ी सेप्टम समस्या और कॉस्मेटिक सुधार जैसे जटिल मामलों का उपचार किया जाएगा। डॉक्टरों के अनुसार जरूरत पड़ने पर नाक की हड्डी सीधी करने, रिब ग्राफ्ट लगाने जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इच्छुक मरीजों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है तथा वर्कशॉप के दौरान उपचार रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगा।

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में जटिल सर्जरी से मासूम को मिली नई रोशनी



रायपुर। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की बदौलत एक साल आठ माह के मासूम को नई रोशनी मिली है। बालोद निवासी बच्चे को जन्म से ही दोनों आँखों में गंभीर जन्मजात मोतियाबिंद था, जिसके कारण उसकी दृष्टि लगभग समाप्त हो चुकी थी। समय पर उपचार न होने पर यह स्थिति स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकती थी। परिजन बच्चे को उपचार के लिए रायपुर स्थित श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां विस्तृत नेत्र परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श के बाद तत्काल शल्य चिकित्सा (सर्जरी) का निर्णय लिया गया। अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकर के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों और नवीनतम सर्जिकल तकनीक का उपयोग करते हुए दोनों आंखों का सफल एवं जटिल ऑपरेशन किया। सर्जरी के दौरान विशेष इंट्रा-ऑक्यूलर लेंस प्रत्यारोपित किए गए, जो बच्चों की आँखों के विकास के अनुरूप होते हैं। ऑपरेशन के एक सप्ताह के भीतर बच्चे की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

### मैट्स विवि में 'लिटरेरी स्टडीज का भविष्य' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के पंडरी स्थित अंग्रेजी विभाग द्वारा 'लिटरेरी स्टडीज का भविष्यः अंतर्विषयकता, प्रौद्योगिकी और वैश्विक जुड़ाव' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट शिक्षाविद् डॉ. सुपर्णा कारकुण ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। उन्होंने साहित्यिक अनुसंधान के विस्तारित अंतर्विषयक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज साहित्य सांस्कृतिक अध्ययन, समाजशास्त्र, मीडिया, चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों से गहराई से जुड़ रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना दास सरखेल ने पठन संस्कृति के महत्व, आलोचनात्मक चिंतन और एआई के संतुलित उपयोग पर बल दिया। अंत में आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों व शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

### कलिंगा विश्वविद्यालयः 'बौद्धिक संपदा अधिकार व मध्यस्थता' पर संगोष्ठी



रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के विधि संकाय द्वारा 17 फरवरी 2026 को जिला न्यायालय, रायपुर में 'बौद्धिक संपदा अधिकार, विवेचना एवं मध्यस्थता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता संघ, रायपुर के सहयोग से हुआ। इसमें बड़ी संख्या में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं ने भाग लिया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बार काउंसिल/अधिवक्ता संघ के 16 सदस्य भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकार, विवेचना प्रक्रिया और मध्यस्थता तंत्र पर विधिक समझ को सुदृढ़ करना था। विशेषज्ञ सत्र में डॉ. अजीम खान, अधिष्ठाता, एवं सलोनी त्यागी ने आईपीआर कानूनों, विवेचना ढांचे, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा हालिया न्यायिक विकास पर विस्तार से जानकारी दी।

### ओम हॉस्पिटल में गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल मरीज का सफल इलाज



रायपुर। एक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल शिवा निषाद को अत्यंत नाजुक हालत में ओम हॉस्पिटल लाया गया। मरीज को गंभीर सिर की चोट थी और उसकी जीसीएस केवल ई1 वी1 एम1 थी, जो चिकित्सकीय भाषा में जीवन के लिए अत्यंत खतरे की स्थिति मानी जाती है। मरीज को तुरंत आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। लगातार सांस सहायता की आवश्यकता के कारण ट्रेकियोस्टॉमी भी की गई। 45 दिनों तक डॉक्टरों, नर्सिंग और पैरामेडिकल टीम की लगातार मेहनत और मानवीय संवेदनशीलता के चलते मरीज की हालत में धीरे-धीरे सुधार हुआ। विशेष रूप से यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया गया, जिससे परिजनों पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।


# सिलेंडर चोरी के आरोपी समेत दो गिरफ्तार



रायपुर। राजधानी रायपुर, आरंग सहित महासमुंद में गैस सिलेंडरों की चोरी की घटना के के मामले में फरार चल रहे आरोपी मुकेश कुकरेजा को पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का वाहन खरीदने वाले बर्तन दुकानदार को भी गिरफ्तार किया। गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी सुनील पिल्लई निवासी जनता कालोनी गुढ़ियारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से सिलेंडर चोरी हो गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में कन्हैया लाल राजपाल को गुढ़ियारी, आरंग तथा जिला महासमुंद के थाना पटेवा क्षेत्र से 13 सिलेंडर चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि इस चोरी की वारदात में आरोपी मुकेश कुकरेजा भी शामिल है। हालांकि कन्हैयालाल की गिरफ्तारी के बाद से मुकेश फरार था। पुलिस उसकी खोजबीन में लगी हुई थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकेश को चोरी की दोपहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि चोरी की वाहन उसने गुढ़यिारी के बर्तन दुकान संचालक विकास गुप्ता को बिक्री किया है। इसके बाद पुलिस ने उसे भी धारा 317(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है।

# बैडमिंटन खेलते हुए कारोबारी को आया हार्ट अटैक, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक कारोबारी की बैडमिंटन खेलने के दौरान हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। घटना अश्विनीनगर सोनकर बाड़ी बैडमिंटन कोर्ट की है। जानकारी के अनुसार ईदगाहभाठा निवासी अमृत बजाज 57 वर्ष हार्डवेयर कारोबारी थे। वे अपनी सेहत को लेकर बहुत जागरूक थे तथा खुद को स्वस्थ रखने के लिए हर रोज अश्विनीनगर सोनकर बाड़ी में ओपन बैडमिंटन कोर्ट में अपने अन्य साथियों के साथ बैडमिंटन खेलते थे। घटना वाले दिन भी वे अपने अन्य तीन साथियों के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक वे जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। उनके साथियों को यह आभाष भी हुआ कि शायद उन्हें हार्ट अटैक आया, इसलिए प्रारंभिक बचाव के तरीकों को भी आजमाया, लेकिन जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया, तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### घटना का वीडियो वायरल

कारोबारी को बैडमिंटन खेलने के दौरान हार्ट अटैक आने का विडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हुआ है। इस विडियों में स्पष्ट रूप से दिखा रहा है कि अमृत बजाज अपने साथियों के साथ बैडमिंटन खेल रहे हैं तथा शॉट मारने के बाद अचानक वे जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें जमीन पर गिरते देखकर उनके साथियों के साथ आसपास मौजूद अन्य लोग भी उनकी तरफ दौड़ पड़े।

## सीबीएसई परीक्षाएं तीन बड़े ...

शॉर्टहैंड (इंग्लिश और हिंदी) के पर्चे हल किए। बीते वर्षों में कुछ मिनट देर के चलते छात्रों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोके जाने जैसी घटनाएं सामने आई थी। इसे देखते हुए इस बार छात्र निर्धारित समय से पर्याप्त पहले पहुंचे। अतः किसी भी केंद्र में वाद-विवाद जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई। सीबीएसई की परीक्षाएं इस बार तीन बड़े बदलावों के साथ आयोजित हो रही है। इन बदलावों के अंतर्गत सीबीएसई 2026 से दसवीं कक्षा में दो परीक्षाएं शुरू कर रहा है। कक्षा बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाएं इस साल से ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से चेक की जाएंगी। आंसरकॉपी स्कैन की जाएंगी, फिर कंप्यूटर में अपलोड की जाएगी और इसके बाद सेंटर्स में जाकर टीचर्स कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियां चेक करेंगे। तीसरे बदलाव के अंतर्गत विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के प्रश्नपत्र अलग-अलग सेक्शन में विभाजित होंगे। विज्ञान तीन सेक्शन में और सामाजिक विज्ञान का पेपर चार हिस्सों में विभाजित किया जाएगा। उत्तर पुस्तिका भी इस सेक्शन के अनुसार विभाजित रहेगी। किसी एक सेक्शन का उत्तर किसी दूसरे सेक्शन में लिखने पर अंक नहीं दिए जाएंगे।

## डीएड अभ्यर्थियों की रैली ...

तूता के धरना स्थल के मुख्य द्वार पर ही सुबह 10 बजे से ताला जड़ दिया। यही नहीं, पुलिस के जवान बड़ी संख्या में धरना स्थल परिसर में मौजूद रहे। रैली में बाधा डालने और धरना स्थल से आगे नहीं निकलने को लेकर महिला अभ्यर्थियों के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। इस दौरान रायपुर की डीएड अभ्यर्थी पूर्णिमा ध्रुव, कवर्धा के दीपक चंद्रवंशी, खैरागढ़ की सुधा वर्मा, जांजगीर के अमित देवांगन, राजनांदगांव के मनोज आल्हा और कांकेर के पंकज बेहोश होकर गिर पड़े। इन्हें एंबुलेंस से अभनपुर के अस्तपाल में उपचार के लिए पहुंचाया गया।

## पेज 11 के शेष ...

## हैंडओवर के पहले कॉलोनियों ...

और खराब सड़कें हैं। हैंडओवर लेने के पहले इनका सही आकलन जरूरी है। अधिकतर कालोनियों में जलापूर्ति की पाइपलाइन डेढ़ दशक से अधिक पुरानी है, जिनकी उपयोग अवधि लगभग समाप्ति पर है।

## 8 साल बाद आज कुरुद पहुंचेगी...

अपनी तैयारी पूरी कर ली है। ट्रॉयल के बाद रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलती ही ट्रेन का परिचालन कुरुद तक शुरू हो जाएगा। इससे यात्रियों को यहां तक पहुंचना सरल हो जाएगा। बता दें कि करीब एक सदी तक सेवा देने के बाद रायपुर–धमतरी की नैरोगेज (छोटी लाइन) को साल 2017 में बंद कर दिया गया, ताकि इसे आधुनिक ब्रॉडगेज लाइन में बदला जा सके। अब लगभग आठ साल बाद यह मार्ग नए रूप में फिर से शुरू होने जा रहा है। ट्रायल को लेकर रेलवे ने लोगों को पटरियों के करीब आने से मन किया है। किसी भी तरह की जान या माल की क्षति के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं होगा। ***इस तरह हुआ रायपुर से कुरुद रेल का विस्तार :*** रायपुर से कुरुद तक पहला खंड 10 सितंबर 1900 को शुरू हुआ। इसके बाद अभनपुर जंक्शन से राजिम के लिए सेवा 15 अक्टूबर 1900 को शुरू हुई। कुरुद से धमतरी तक ट्रेन 17 दिसंबर 1900 को चली। बाद में नवापारा से राजिम तक विस्तार किया गया, जो 13 मई 1906 को शुरू हुआ। वर्तमान में अभनपुर-राजिम खंड का गेज कन्वर्जन पहले ही पूरा हो चुका है। यहां यात्री सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। रायपुर से अभनपुर और राजिम तक मेमू ट्रेनें सफलतापूर्वक चल रही है। नवा रायपुर में लूप लाइन नंबर-05 की गति सीमा 15 किमी/घंटे से बढ़ाकर 30 किमी/घंटे कर दी गई है। मंदिर हसौद–अभनपुर खंड पर गति सीमा अब 110 किमी/घंटे तक है।

## 66 लाख रुपए की लागत ...

औपचारिक रूप से पूर्व रेलवे के अधीन आ गया। इस तरह यह ऐतिहासिक रेल मार्ग पूरी तरह भारतीय रेलवे के प्रबंधन में आ गया। रायपुर–धमतरी नैरोगेज लाइन की योजना 19वीं सदी के अंतिम दौर में बनी थी। उस समय पूरी लाइन 66 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई थी, जो उस युग में बड़ी रकम मानी जाती थी।

## दुर्लभ लूपस ने छीन ली थी मां...

आया था। प्रारंभिक जांच के बाद उसे जनरल मेडिसिन विभाग में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों को सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस (एसएलई) का संदेह हुआ। क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग के डॉ. जॉयदीप सामंता और डॉ. रश्मि रंजन साहू ने जांच के बाद पता लगाया कि वह गंभीर बहु-अंग लूपस से पीड़ित है, जिसने उसके मस्तिष्क, गुर्दों, फेफड़ों और रक्त प्रणाली को प्रभावित किया है। हीमोग्लोबिन का स्तर अत्यंत कम होने और रक्तदाता उपलब्ध न होने के बावजूद, चिकित्सकों ने सावधानीपूर्वक इम्यूनोसप्रेसिव उपचार शुरू किया। धीरे-धीरे उसके अंगों की कार्यक्षमता में सुधार होने लगा। उसकी मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई थी, जिसके लिए मनोचिकित्सकों और एक न्यूरोलॉजिस्ट सहित बहु-विषयक टीम ने इलेक्ट्रोकोन्वल्सिव थेरेपी शुरू की। आठ सत्रों और दवाओं के संयोजन से वह धीरे-धीरे फिर से बोलने लगी। दो महीने के गहन उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फरवरी में वह पुनः ओपीडी में आत्मविश्वास से चलती हुई और अपने शिशु को गोद में लिए हुए पहुंची। बीमारी के दौरान वह बेहद कमजोर हो गई थी और बच्चे को गोद में लेकर दूध भी पिलाना दूभर हो गया था। इसका असर उसकी मानसिक स्थिति पर भी हुआ था और गुमसुम रहने के दौरान वह अचानक कभी हंसना तो कभी रोना शुरू कर देती थी।

## खबर संक्षेप



### झेरिया यादव समाज का सामूहिक विवाह 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 22 फरवरी को राजधानी के महादेवघाट रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित है। यह कार्यक्रम महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव,मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

### बृजमोहन ने साईंनगर में समिति भवन विस्तार का किया लोकार्पण



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने सांसद निधि से निर्मित साईंनगर जोरा में समिति भवन विस्तार का लोकार्पण किया। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के प्रभारी अध्यक्ष छगनलाल साहू एवं सचिव संतोष शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि साईंनगर जोरा में पहले पूर्व सांसद सुनील सोनी द्वारा समिति भवन विस्तार के लिए सांसद निधि से ऊपर स्ट्रक्चर खड़ा कराया गया।

# गुजर गया शैक्षणिक सत्र, लेकिन फीस तय नहीं, अब नतीजों के साथ लौटाएंगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोक शिक्षण संचालनालय अब तक डीएलएड की फीस निर्धारित नहीं कर सका है। दरअसल, शिक्षा महाविद्यालय संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए बिलासपुर उच्च न्यायालय ने विभाग को निर्देश दिए थे कि वे फीस की नई दरें निर्धारित करें। बीते एक दशक से अधिक समय से डीएड फीस में वृद्धि नहीं हुई है। बीएड और डीएलएड की फीस शासन द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर ही लिए जाने का प्रावधान है। बीएड की निर्धारित राशि 33 हजार तथा डीएलएड की निर्धारित राशि 19 हजार है। इनमें से डीएलएड की फीस वृद्धि की जानी है। शासन द्वारा वृद्धि किए बगैर ही निजी महाविद्यालयों ने विद्यार्थियों से 28 हजार रुपए फीस के रूप में लिए हैं। छात्र अब शासन के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं ताकि इसके आधार पर फीस की राशि उन्हें प्राप्त हो।

## डीएलएड की फीस बढ़ाने न्यायालय ने दिया था आदेश

### महाविद्यालयों ने छात्रों से ली है बढ़ी हुई फीस



### प्रवेश परीक्षा 4 जून को

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। शुरुआत प्रीएमसीए से की गई है। इसके पश्चात अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रारंभ किए जाएंगे। प्री-डीएलएड का आयोजन 4 जून को आयोजित की जाएगी। यह राज्य स्तरीय परीक्षा छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्थानों में 2 वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए होगी, जो ऑफलाइन मोड में संपन्न होगी। परिणाम आने के बाद नए सत्र के लिए भी दाखिले संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। फीस निर्धारण नहीं होने की स्थिति में कॉलेज स्वयं द्वारा निर्धारित नवीन राशि के आधार पर ही फीस लेंगे।

### लौटाई जाएगी अंतर की राशि

महाविद्यालय संचालन में आ रही आर्थिक दिक्कतों को देखते हुए प्रबंधन द्वारा छात्रों से बढ़ी हुई मद में फीस ली गई है। छात्रों को यह आश्वासन दिया गया है कि यदि शासन द्वारा बढ़ाई गई फीस, प्रबंधन द्वारा बढ़ाई गई फीस से कम होती है तो अंतर की राशि उन्हें लौटा दी जाएगी। कुछ माह के अंतराल में परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी, तत्पश्चात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। यदि यही स्थिति रही तो छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन नतीजों के साथ पैसे लौटाएंगे। वहीं पूरे मामले पर शिक्षा महाविद्यालय संघ के संयोजक राजीव गुप्ता का कहना है कि न्यायालयीन आदेश के बाद भी अब तक फीस वृद्धि नहीं होने से महाविद्यालय परेशान हैं। कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाने के बाद ही महाविद्यालयों ने न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक

# सांसदों की दो टूक- रेलवे अधिकारी सिर्फ नोट न करें, प्रस्ताव बनाकर भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक मंगलवार को डीआएम ऑफिस में हुई। इस दौरान सांसदों ने यात्रियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधिकारियों से चर्चा की। अक्सर सांसदों की शिकायत रहती है कि उनकी मांग को केवल नोट कर लिया जाता है, प्रस्ताव बनाकर आगे नहीं भेजा जाता, जिसे लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सांसदों ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सांसद जिस बात को कहते हैं, उसके प्रस्ताव बनाकर आपको उच्च कार्यालय में भेजना है। केवल यहीं नोट कर ऐसा जवाब देना बंद करना चाहिए कि ये काम इस वजह से नहीं हो रहा है। हमने कहा है कि आप प्रस्ताव भेजें। हम शासन व बोर्ड के स्तर पर जो बातचीत करनी होगी, हम करेंगे। बैठक में जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ ही मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभाग अध्यक्ष और रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग और महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी भी मौजूद थीं।





### छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज

दुर्ग से रायपुर होते हुए अंबिकापुर के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है। कोरोना काल के समय जिन ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। कुछ जगहों पर स्टॉपेज है लेकिन कई जगहों पर अभी भी ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है उन सभी जगह पर ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए। एक्सप्रेस ट्रेनों को भाटापारा के साथ ही छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया जाना चाहिए। इस बात को लेकर भी चर्चा हुई है। रायपुर शहर के मंडी गेट के पास भी एक अंडर पास बनाए जाने की चर्चा इस बैठक में हुई है।जोरा और पिरदा में अंडरपास बनाए जाने से रायपुर के ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी।

### *दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम होगा पूरा*

*रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा. इसके साथ ही रायपुर शहर में कचना में अंडर ब्रिज बनाने, महासमुंद रोड पर जोरा में अंडर ब्रिज बनाने के बारे में बातचीत हुई है। मंदिर हसौद के रेलवे ट्रैक के ऊपर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हुई है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक में मांग रखी गई है कि राजधानी एक्सप्रेस को सातों दिन चलाया जाए। इसके साथ ही इस बैठक में रायपुर से दिल्ली के लिए स्लीपर कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव रखा है। बिलासपुर रायपुर से जगन्नाथपुरी के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने का भी प्रस्ताव रेलवे अधिकारियों के समक्ष रखा है, जो ट्रेनें रायपुर से होकर जोधपुर और जयपुर जाती है वो सप्ताह में एक से दो दिन होती है, उसे भी सप्ताह में सातों दिन चलाए जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है।*

## जलसंकट का समाधान नहीं किया तो वार्डवासियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव

# पानी की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद ने निगम को दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

*नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड की पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने वार्ड में लो प्रेशर की समस्या का मांगा समाधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





नगर निगम के जोन 9 क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के रहवासी नलों में लो प्रेशर की समस्या से बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी जोन के अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किए जाने से नाराज भाजपा पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में जल संकट का समाधान नही किया गया, तो वे वार्डवासियों के साथ जोन दफ्तर का घेराव करेंगी।

दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के समय जल संकट को लेकर सदन में हंगामा करने वाले भाजपाई अब सूबे में अपनी पार्टी की सरकार और नगर निगम की सत्ता में भाजपा की मेयर बनने के बाद भी पेयजल संकट से शहरवासी को निजात नहीं दिला पाए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में सामान्य सभा के दौरान पूर्व पार्षद रोहित साहू ने अपने वार्ड में पेयजल की समस्या और नई पानी टंकी का मामला जोर-शोर से उठाया। तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने तत्कालीन कांग्रेसी मेयर पर सवालों की झड़ी लगाकर शहर के पेयजल संकट की समस्या सुलझाने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए। अब नगर निगम की भाजपा की महापौर होने के बाद भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड पानी की समस्या से निजात नहीं पा सका है। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू का कहना है, वार्ड के गायत्री नगर, वृंदावन कालोनी, नीलांचल विहार सेल टैक्स कालोनी में पानी की किल्लत बनी हुई है। इन क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण रहवासी बेहद परेशान हैं। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, महापौर मीनल चौबे, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर सहित जल बोर्ड के अधिकारियों को भी उन्होंने वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुष्पा रोहित साहू का कहना है कि गुरुवार तक लो प्रेशर की समस्या नहीं सुलझाई गई, तो वे शुक्रवार को वार्डवासियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव करेंगी। वार्ड पार्षद ने जोन कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा है कि उनके वार्ड में अवंतिविहार पानी टंकी से वार्ड को पानी की आपूर्ति होती है।

कई महीनों से वार्ड में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जल विभाग से संबंधित अधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन जल विभाग के अधिकारी लापरवाहीपूर्वक कार्य कर रहे हैं। यही नहीं पानी की समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि 3 दिन में समस्या का समाधन नहीं हुआ, तो वार्डवासियों के साथ जोन का घेराव करना पड़ेगा, जिसके जिम्मेदार स्वयं आप होंगे।

# 73 दुकानों के अवैध शेड ढहाए सड़क पर रखा सामान जब्त 12 हजार का ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नगर निगम का तोड़दस्ता शहर में एक बार फिर गरजा। टीम प्रहरी अभियान के तहत 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को तोड़दस्ता ने ढहा दिया। इस दौरान सड़क या ता या त बाधित कर सड़क पर रखे सामान जब्त किए गए। कब्जाधारी दुकानदारों पर 12 हजार रुपए का ई चालान काटा गया।

राजधानी में नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को संतोषीनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। अभियान के दौरान दुकानदारों को पहले सड़क पर कब्जा न करने समझाइश दी गई। चेतावनी के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर सख्ती दिखाते हुए अवैध रूप से बनाए गए शेड तोड़े गए और ठेले जब्त किए गए। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के आदेश पर निगम जोन 6 और जोन 10 क्षेत्र में निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।



टीम एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित निगम व यातायात विभाग का अमला मौजूद रहा।

## आईसीएआर-एनआईबीएसएम के शीतकालीन प्रशिक्षण का समापन



**रायपुर।** आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर में 27 जनवरी से 16 फरवरी तक आयोजित 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम "राष्ट्रीय महत्व के कीटों एवं रोगजनकों के प्रबंधन हेतु उभरते जैव-प्रौद्योगिकी एवं बायोरैशनल हस्तक्षेप" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार, अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेअर), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में अनुसंधान को मिशन मोड में संचालित करने तथा प्रतिक्रियात्मक पादप संरक्षण से पूर्वानुमान आधारित पादप स्वास्थ्य प्रबंधन की ओर अग्रसर होने पर बल दिया। उन्होंने बढ़ते आक्रामक एवं सीमापार जैविक खतरों को राष्ट्रीय जैव-सुरक्षा से जोड़ते हुए कीट जोखिम प्रबंधन को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषय बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक डॉ. पीके राय ने रासायनिक आधारित पादप संरक्षण से जैविक एवं सतत दृष्टिकोण की ओर परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्रशासन का जताया आभार, पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

# मालवीय रोड, जीई रोड, केके रोड नो वेंडिंग-नो पार्किंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**खास**

- चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में 28 जनवरी को नगर निगम प्रशासन और पुलिस अधिकारियों हुई थी बैठक
- फुटपाथ पर अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग जोन का

राजधानी के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्रों में शामिल मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड को व्यवस्थित करने की छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की मुहिम रंग लाई है।

चैंबर की पहल रायपुर पुलिस प्रशासन ने मालवीय रोड को नो वेंडिंग, नो पार्किंग जोन घोषित कर किया है। यह निर्णय चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। 28 जनवरी को चैंबर भवन में सतीश थौरानी की अध्यक्षता में नगर निगम, पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इसमें मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड की ट्रैफिक अवयवस्था, फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में श्री थौरानी ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की थी कि फुटपाथों से अवैध कब्जा हटाया जाए और बाजार को सुव्यवस्थित करने के लिए इसे नो वेंडर जोन घोषित किया जाए। मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष और चैंबर के अनुशासन समिति के सदस्य तरल मोदी और संघ के महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने एक औपचारिक पत्र के माध्यम से चैंबर को आवेदन देकर मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और फुटपाथ पर बढ़ते कब्जे के विरुद्ध नो वेंडर जोन बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की थी। चैंबर की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नई परियोजना लागू की है, जिसके तहत मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड पर अब ठेले, गुमटी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। प्रमुख तिराहों और चौराहों से 50 मीटर की दूरी तक नो पार्किंग जोन सख्ती से लागू होगा।

## इंदौर कांड के महीनों बाद जागा निगम प्रशासन

# शहर में नाली के ऊपर गई पाइप लाइन की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंदौर कांड के महीनों बाद रायपुर नगर निगम की नींद टूटी है। नाली के ऊपर गई पाइप लाइन की शिफ्टिंग शुरू नहीं, मेयर ने कहा नहीं मिली रिपोर्ट शीर्षक से हरिभूमि ने 16 फरवरी के रायपुर भूमि में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। इसका असर देखने को मिला है। मंगलवार को महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जल विभाग ने जोन 6 और जोन 8 क्षेत्र में नाली से गुजर रही पाइप लाइन को ढूंढते हुए उसे सुरक्षित जगह शिफ्ट करने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत कबीर नगर, टिकरापारा, संतोषीनगर, संन्यासीपारा, मुर्राभट्ठी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नाली के भीतर से गुजर रही पाइप लाइनों को सर्वे कर सुरक्षित जगह शिफ्टिंग करने जोन स्तर पर कार्य किया।



गर्मी से पहले शहरभर में नाली, नालों से होकर गुजर रही पाइप लाइन की शिफ्टिंग नहीं होने से लोगों की सेहत दांव पर लगी हुई है। हालांकि नगर निगम के जल विभाग के अपर आयुक्त ने निगम आयुक्त और महापौर के निर्देश पर दस जोन को शहर के 70 वार्डों में नाली-नालों से होकर गुजरी पाइप लाइन का सर्वे कर रिपोर्ट मंगाई, पर 1 माह बीतने के बाद भी जोन स्तर पर तत्परता नहीं दिखाने से यह काम प्रभावित रहा। महापौर मीनल चौबे ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि उनके पास जोन से पाइप लाइन शिफ्टिंग की सर्वे रिपोर्ट नहीं आई है। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम के जल विभाग ने आनन-फानन में 2 जोन के विभिन्न वार्डों में पाइप लाइनों का सर्वे कर इसकी सुरक्षित जगह शिफ्टिंग करने का काम प्रारंभ कर दिया है।




## कांग्रेस ने धूल-मिट्टी से परेशानी को लेकर दिया धरना

# भाठागांव सड़क की बदहाली, गड्ढे में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव रिंग रोड से शीतला चौक टर्निंग तक धीमी गति से हो रहे सड़क निर्माण से लोगों को धूल और मिट्टी तथा आवागमन के दौरान हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेसजनों ने मंगलवार को गड्ढा सत्याग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में प्रभावित क्षेत्र के रहवासी और कांग्रेस जनों ने सड़क पर बने गड्ढों के बीच बैठकर सत्यागह किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला।

नगर निगम द्वारा जोन 6 क्षेत्र के भाठागांव मुख्य मार्ग पर निकास नाली और सड़क निर्माण कराया जा रहा है।




अनुबंधित ठेकेदार द्वारा 11 माह बीतने के बाद भी केवल 20 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। इससे आसपास के दुकानदारों का धंधा चौपट होने के साथ ही धूल के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी और प्रदूषण की समस्या से जूझना पड़ रहा है। आम जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए कांग्रेस जनों ने गड्ढा सत्याग्रह कर निगम प्रशासन का ध्यान बदहाल व्यवस्था के प्रति आकर्षित कराया। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि रायपुर शहर में 6-6 महापौर हो गए हैं काम कोई किसी को नहीं करने दे रहा है। पूरे शहर की हालत बद से बदतर हो रही है। भाठागांव की इन सड़कों के लिए कांग्रेस लगातार लड़ाई जारी रखेगी। हम इस क्षेत्र के नागरिकों के साथ हैं।

### *दिया समर्थन*

*गड्ढा सत्याग्रह को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, उप नेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक, ब्लाक अध्यक्ष विनोद ठाकुर, ओम श्रीवास, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी, महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष कशिश चंद्राकर, असंगठित श्रम समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक, वार्ड छाया पार्षद ब्रम्हा सोनकर, जय सोनकर, व्यापारी प्रतिनिधि दिनेश जैन सहित नागरिक और व्यापारियों ने समर्थन दिया। धरने में बंशी कन्नौजे, शरद गुप्ता, राजेश द्विवेदी, नागेंद्र बोराव सुरेश बाफना, पूनम यादव, राजा यादव, गेंदालाल सोनकर, निशा शर्मा सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।*



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



होली के लिए हर्बल रंग-गुलाल से सज ....

## एजुकेशन अलर्ट

### आरबीआई असिस्टेंट के 650 पदों पर आवेदन शुरू




**रायपुर।** सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं पास बड़ा मौका है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ओर से असिस्टेंट के 650 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस वैकेंसी के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 फरवरी से स्टार्ट कर दी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 8 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट opportunities.rbi.org.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन उत्तीर्ण किया हो। कंप्यूटर पर काम करने की नॉलेज होनी चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 28 साल से ज्यादा न हो अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 2 फरवरी 1998 से पहले और 1 फरवरी 2006 के बाद न हुआ हो।

#### इन पदों में होगी भर्ती

इस भर्ती में आवेदन करने के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को 450 रुपए शुल्क जमा करना होगा। एससी, एसटी एवं पीएच वर्ग के लिए फीस केवल 50 रुपए निर्धारित है। इस भर्ती के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में कुल 650 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से जनरल के लिए 346, ईडब्ल्यूएस के लिए 58, ओबीसी के लिए 99, एससी के लिए 110 और एसटी के लिए 37 पद आरक्षित हैं। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

#### यह है एप्लीकेशन प्रोसेस

इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दी जा रहीं हैं। फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल **ibpsreg.ibps.in/rbiafeb**26/ पर जाएं।**Click here for New Registration** पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण करें। अब अन्य डिटेल सही सही भरकर फॉर्म को पूरा करें। हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ अपलोड करें। निर्धारित फीस जमा करें, फॉर्म को सबमिट कर दें। एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें। प्रिंट लेने की लास्ट डेट 23 मार्च निर्धारित है।

## एग्जाम अलर्ट

### 80 प्रतिशत तैयारी पेपर से पहले पूरी करें 10 दिन में केवल कठिन विषय को दें समय



**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा अब हर दिन करीब आती जा रही है। छात्र विभिन्न विषयों की पढ़ाई में जुटे हुए हैं। मासिक हेल्पलाइन नंबर के जरिए एक्सपर्ट छात्रों की दुविधाओं को दूर कर रहे हैं। एक्सपर्ट बता रहे हैं कि प्रतिदिन 5 से 6 घंटे की पढ़ाई परीक्षा में बेहतर अंक दिला सकती है। बचे हुए दिन में कठिन विषय को समय दें, ताकि परीक्षा के दौरान पढ़ाई का दबाव न बने। शेष दिनों में पहले पेपर की तैयारी करनी चाहिए। कम समय में बेहतर तैयारी के लिए मॉडल पेपर और पिछले वर्ष के प्रश्नपत्र हल किए जा सकते हैं।

#### आसान भाषा में समझने का प्रयास करें

कमजोर स्टूडेंट्स कठिन विषय के लिए ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करें। टॉपिक को याद करने के बजाय उसे समझने का प्रयास करें। गणित को सूत्र के साथ समझें, वहीं अंग्रेजी का लिखकर अभ्यास करें। 80 प्रतिशत तैयारी पेपर के पहले पूरी कर लें। बेहतर परिणाम के लिए पहले से बनाई गई समय-सारिणी के अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। अंतिम समय में दिमाग पर जोर देने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जरूरी नहीं कि 12 घंटे पढ़ाई करें। अपनी क्षमता अनुसार पढ़ सकते हैं। पढ़ाई को लेकर तनाव न लें। जो चीजें समझ न आएं, उसे अपने शिक्षक से समझने का प्रयास करें।

#### हिंदी और अंग्रेजी बढ़ाएंगे अंक

बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक में राइटिंग और डायग्राम का महत्व होता है। अर्थशास्त्र के सवाल के जवाब बड़े होते हैं। याद करने में समस्या आ रही हो तो उसे अपनी भाषा में समझने का प्रयास करें। समझने के लिए डायग्राम बना सकते हैं। जो स्टूडेंट्स सिलेबस पूरा कर चुके हैं, वे परीक्षा में साफ अक्षरों में लिखने का अभ्यास करें। हिंदी और अंग्रेजी को सरल समझकर बाद में पढ़ने के लिए न टालें। दोनों विषय की अधिक तैयारी करनी चाहिए। यही अंक बढ़ाएंगे। विज्ञान विषय की तैयारी के लिए स्टूडेंट्स प्रयोग विधि को लिखकर तैयारी करें। विज्ञान में पूरे नंबर प्राप्त करने के लिए डायग्राम सहित उत्तर लिखें। जो सवाल पूछा गया है, उसे पहले ही पैराग्राफ में समझाएं। जो विषय समझ नहीं आए, उसे शिक्षक से तुरंत समझ लें। इसके अलावा अभी तक जितना भी पढ़ा जा चुका है, उसे रिवाइज करते हुए चलें। इससे परीक्षा के समय टॉपिक याद रहेंगे।

● हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित 50 प्रतिशत लोगों को बीमारी के बारे में नहीं होता पता

# स्वस्थ दिखने वालों को भी हो सकती है ब्लडप्रेशर-कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हार्ट अटैक से बचने हर 6 महीने में जांच जरूरी

**बदलते समय के साथ साइलेंट मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सेहत के लिए सजग रहने वालों की भी अचानक हार्ट अटैक से मौत हो रही है। बीते दिनों राजधानी में बैडमिंटन खेलते हुए कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत के बाद अपनी सेहत का ध्यान रखने वालों के लिए चिंता बढ़ गई है कि आखिरकार स्वस्थ शरीर के लिए व्यक्ति की दिनचर्या कैसी होनी चाहिए, ताकि अचानक आने वाले साइलेंट अटैक से बचा जा सके।**

#### कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना जरूरी

*एक्सपर्ट डॉ. एसके त्रिपाठी का कहना है कि हृदय की धमनियों में जब तक ज्यादा ब्लॉकेज न हो, तब तक अधिक परेशानी महसूस नहीं होती, लेकिन धमनियों में मौजूद 10 से 20 प्रतिशत ब्लॉक भी रैप्चर हो जाए तो यह हार्ट आर्ट का कारण बन सकती है। हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित 50 प्रतिशत लोगों को अपनी इस बीमारी के बारे में पता नहीं होता। शहरी क्षेत्र में ब्लडप्रेशर से पीड़ित करीब 20 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 10 प्रतिशत लोगों को का ब्लडप्रेशर नियंत्रित रहता है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए ब्लडप्रेशर, डायबिटीज व कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना जरूरी है। हर छह महीने में एक बार ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर कराएं। छाती में भारीपन, अचानक छाती में दर्द, छाती के पिछले हिस्से में दर्द और पसीना आने लगे तो यह हार्ट के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत सीपीआर देना चाहिए। इसके अलावा हार्ट अटैक होने पर एसप्रिन देने से मौत की आशंका 20 से 25 प्रतिशत कम हो जाती है।*

**रायपुर।** हरिभूमि ने कार्डियों एक्सपर्ट डॉ. हेमंत सोलंकी ने बातचीत कि उन्होंने बताया कि स्वस्थ दिखने वाले कई लोग भी ब्लडप्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की समस्या और कुछ दूसरी बीमारियों से पीड़ित होते हैं, लेकिन उन्हें मालूम नहीं होता। इसलिए जांच ही इसका समाधान है। सभी वर्गों को नियमित बॉडी की जांच करानी चाहिए, फिर उसके हिसाब से जीवनशैली को रखना चाहिए। गंभीर हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट होने पर यदि मरीज को तीन मिनट के अंदर तुरंत सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दी जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है।



#### ये गलतियां भी बन सकती हैं कारण

आज के दौर में लोग सुबह देर से उठते हैं, नाश्ता छोड़कर सीधे काम पर निकल जाते हैं और रात में भारी भोजन कर सो जाते हैं। ये आदतें दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसके साथ ही तनाव, नींद की कमी और मोबाइल की लत शरीर में ऐसे हार्मोन बढ़ा देती हैं, जो हृदय पर नकारात्मक असर डालते हैं। कई बार मरीज को लक्षण भी नहीं दिखते और अचानक हार्ट अटैक हो जाता है। यह स्थिति बेहद गंभीर है।



#### फास्ट फूड, मिर्च मसाले, मैदे व तेल से बने खाद्य पदार्थों का भोजन बीमारियों का कारण

एक्सपर्ट का कहना है कि अचानक दिल का दौरा आने से युवावर्ग भी मौत का शिकार बन रहा है। युवावर्ग फास्ट फूड, मिर्च मसाले, मैदे व तेल से बने खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने लगा है। यही बीमारियों का बड़ा कारण है। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। भोजन में हरी सब्जियों और फलों को शामिल करें। अधिक से अधिक सलाद खाने की आदत डालें। खराब कोलेस्ट्रोल से दिल का दौरा होने का खतरा अधिक होता है। नियमित रूप से योग और वॉक करने से हृदयाघात की संभावना को कम किया जा सकता है। समय-समय पर जांच करानी चाहिए, जिससे कोई दिक्कत होने पर तत्काल इलाज किया जा सके। अपने फैमिली डॉक्टर की सलाह से ही दवाएं लें।



#### 50 प्रतिशत मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले

हार्ट अटैक होने पर कुछ मरीजों की हृदय गति बहुत तेज (वेंट्रीकुलर टैचीकार्डिया) हो जाती है। इस वजह से हृदय ब्लड पंप करना बंद कर देता है। इस वजह से कार्डियक अरेस्ट होता है। ऐसी स्थिति में तीन मिनट के अंदर डिफिब्रिलेटर से सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) न मिलने पर मरीज की मौत हो जाती है। हार्ट अटैक के 50 प्रतिशत मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो जाती है।



## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पहुंचे राजधानी, समाज ने किया भव्य स्वागत



**रायपुर।** मंगलवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के कार्यालय पहुंचे। जहां राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सिख समाज की सर्वोच्च संस्था के प्रमुख शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर के बलविंदर सिंह कालरा एवं ओएसडी अमृतसर सतबीर सिंह के छत्तीसगढ़ प्रथम आगमन पर वे राज्य अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय रायपुर पहुंचे। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए स्मृति स्वरूप हरमिंदर साहिब स्वर्ण मंदिर अमृतसर की सुंदर प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान आयोग अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में सिख समाज की विभिन्न गतिविधियों, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की साथ ही वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों एवं राजधानी में भव्य वीर बाल रैली की जानकारी भी साझा की। इसके अतिरिक्त हुनर का लंगर के माध्यम से युवाओं के कौशल विकास एवं स्किल्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगामी दिनों में और व्यापक स्तर पर संचालित करने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही राष्ट्रीय खेल गतका में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने राष्ट्रीय खिलाड़ियों, जिनमें राजवीर सिंह सहित प्रमुख खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाजसेवी एवं छत्तीसगढ़ सिख फोरम के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, जीएस भामरा, जगजीत सिंह खनूजा सहित समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

#### सिख समाज की उन्नति प्रतिबद्धता का प्रतीक

*राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित मनतृप्त कौर संधू का भी सम्मान किया गया। सम्मान सामाजिक समरसता, सहयोग एवं सिख समाज की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। राज्य अल्पसंख्यक आयोग समाजजनों का सम्मान आगामी दिनों में इसी तरह करता रहेगा, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय में सद्भावना बनी रहे। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने देवेंद्र नगर स्थित कार्यालय में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सरदार गुरमुख सिंह होरा, बलदेव सिंह भाटिया, गुरुचरण सिंह होरा , इंदरजीत छाबड़ा, कुलदीप चावला, सुरेंद्र छाबड़ा, बलजीत भाटिया, कल्याण पसरीजा एवं दलजीत चावला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।*

## विशेष ध्यान साधना शिविर 20 से, देशभर से जुटेंगे क्रियायोगी

**रायपुर।** प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम द्वारा 20 से 25 फरवरी तक आयोजित विशेष ध्यान साधना शिविर में देशभर से क्रियायोगी जुटेंगे। यह पांच दिवसीय शिविर आदर्श नगर स्थित चौपड़ा पैलेस में आयोजित किया गया है। शिविर में क्रियायोग के विश्वगुरु स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज पधारेंगे। उनका तीसरी बार आगमन हो रहा है। गुरुदेव शिविर में क्रियायोगियों को विशेष ध्यान साधना की टेकनिक बताएंगे और प्रतिदिन क्रियायोग भगवद्गीता के प्रवचन के माध्यम से क्रियायोगियों का मार्गदर्शन करेंगे। शिविर में गुरुदेव द्वारा 108 दीक्षार्थियों को दीक्षा दिलाई जाएगी। यह दीक्षा समारोह संख्या की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में पहला बड़ा दीक्षा समारोह है। दुर्ग प्रवास के दौरान गुरुदेव स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज विद्यार्थियों और एसटीएफ बघेरा के जवानों से सीधे संवाद करेंगे। जहां विद्यार्थियों को वे परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रहने के टिप्स देंगे, वहीं जवानों को तनावमुक्ति का समाधान बताएंगे। गुरुदेव राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी पुलगांव और भिलाई स्थित जगन्नाथ मंदिर भी जाएंगे। यहां वे श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। विशेष ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। इस दौरान अन्य अतिथि व वरिष्ठ क्रियायोगी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे।

गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी जीवनशैली में कर रहे हैं बदलाव

## गर्मी में रोजाना 2 लीटर पानी पीने से नहीं होगा डिहाइड्रेशन, एसी कमरे से निकलने से पहले 10 मिनट शरीर का तापमान होने दें सामान्य

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव कर रहे हैं। इसके लिए लोग शहर के डाइटिशियन और न्यूट्रिशन के साथ-साथ जिम ट्रेनर और डॉक्टर से भी सलाह ले रहे हैं, ताकि गर्मी में होने वाली मौसमी बीमारी से शरीर को बचाया जा सके। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम के साथ हमें अपना आहार भी बदलना चाहिए, क्योंकि मौसम बदलने के साथ पाचन शक्ति की क्षमता में परिवर्तन होता है। डाइटिशियन का कहना है कि गर्मी में दिन बड़े होने से शरीर में पानी पीने के साथ खाने की क्षमता बढ़ जाती है। हरिभूमि ने गर्मी में शरीर को सेहतमंद बनाने के लिए विशेषज्ञों से बातचीत की। डिहाइड्रेशन से बचने मात्र अधिक पानी पीना काफी नहीं है, इसलिए



डाइट में ठंडे फलों और सलाद को शामिल करना होगा, ताकि शरीर में गर्मी न हो। शहर में गर्मी बढ़ने के साथ गन्ना और आम जूस की दुकानें सजने लगी हैं तो वहीं कैफे और रेस्टोरेंट में विभिन्न फलों के एनर्जी ड्रिंक तैयार किए जा रहे हैं, जिसकी मांग इन दिनों बढ़ गई है। रेडीमेड के साथ घरों में हाथों से बनाए जा रहे एनर्जी ड्रिंक व शेक शरीर को ठंड रखने के साथ थकान भी दूर रहे हैं। बाजार में 60 से 200 रुपए तक यह उपलब्ध है।

#### रोजाना 8 गिलास पानी बीमारी से रखेगा दूर

गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ सकता है। डॉक्टर एमआर खरे ने बताया कि मौसम बदलने से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां बढ़ जाती हैं। ठंड में आमतौर पर लोग 1.5 लीटर पानी पीते हैं, लेकिन गर्मी में रोजाना 2.7 लीटर पानी पीना चाहिए। एक दिन में 8 गिलास से अधिक पानी पीना चाहिए। अगर दौड़-भाग वाला काम है तो 10 गिलास तक भी पी सकते हैं। अगर शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रहेगा तो पीलिया और डिहाइड्रेशन की बीमारी नहीं होगी।

#### बॉडी को सामान्य करने 15 से 20 मिनट का रेस्ट

गर्मी शुरू होने के बाद जिम में वर्कआउट करने का तरीका बदल गया है। जिम ट्रेनर देवव्रत दास ने बताया कि गर्मियों के एक्सरसाइज के लिए सुबह और शाम का समय अनुकूल होता है। जिस तरह जिम में पहले बॉडी को वॉर्मअप करना होता है, उसी तरह एक्सरसाइज के बाद बॉडी को सामान्य करने का भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए 15 से 20 मिनट का रेस्ट लेना जरूरी है। इससे बॉडी जिम व बाहर के तापमान की तुलना में सामान्य हो जाती है। वजन घटाने के लिए वर्कआउट करने वालों को बीच-बीच में नीबू पानी या नारियल पानी लेना चाहिए। गर्मी में रातें छोटी होती हैं, इसलिए अपने निर्धारित समय पर ही सोना चाहिए। कम से कम से 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

सिटी लाइव

## स्टेशनरी का उपहार पाकर खिल उठे स्कूली बच्चों के चेहरे



**रायपुर।** समाज सेवा के भाव से संचालित हो रहे लायंस क्लब पिनाकल द्वारा समय-समय पर सेवा कार्य किये जाते रहते है। इसी कड़ी में क्लब के कई स्थाई प्रोजेक्ट मिशन जिंदगी के अंतर्गत जरुरतमंदों को व्हीलचेयर, बैसाखी और वॉकिंग स्टिक और आटा बैंक के तहत राशन व फल दिया गया। इस दौरान स्कूली बच्चें यूनिफार्म, स्टेशनरी, शूज व बॉर्नविटा मिल्क पाकर खुशी से झूम उठे, साथ ही ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को म्यूजिक स्टूमेंट आदि का वितरण किया गया। लायंस क्लब पिनाकल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल और रीजन चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा की अधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। अध्यक्ष अंजना विनायक ने बताया कि गवर्नर विजय अग्रवाल और रेखा अग्रवाल का स्वागत लायंस क्लब पिनाकल और लियो क्लब द्वारा सामूहिक रुप से नेहरू नगर गुरुद्वारा में किया गया।

### वृद्धजनों को बांटे यूटिलिटी किट और राशन

यात्रा के दौरान मेडिसिन बैंक, डायबिटीज स्क्रीनिंग सेंटर का अवलोकन कर मिशन जिंदगी के तहत व्हीलचेयर बैसाखी और वॉकिंग स्टिक प्रदान किया। जिसके बाद संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रीजन चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा और शोभा शर्मा, रीजन सचिव प्रकाश सांखला और रेविका बेदी उपस्थित रहे। सचिव निधि कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सभी रामशिला की कुटिया वृद्धा आश्रम पहुंचे और वृद्धजनों को यूटिलिटी किट राशन, फल आदि प्रदान किया गया। सात ही सरकारी माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले छोटे विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और शूज प्रदान कर सभी छात्रों को बॉर्नविटा मिल्क दिया गया।

● हर्बल कलर उत्पादन बना गांव-शहर की स्टार्टअप महिलाओं के लिए आर्थिक समृद्धि का आधार

# होली के लिए हर्बल रंग-गुलाल से सज गया बाजार, फूल सब्जियों से बनी सामग्री से शरीर को नहीं होगा नुकसान

रंगों का त्योहार होली हर्बल कलर के कारोबार से जुड़ीं स्टार्टअप महिलाओं के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। इससे जिले के गांव-शहर की महिलाएं हर्बल रंगों का उत्पादन कर अपने घरों को आर्थिक रूप से संवार रहीं हैं। मंदिर हसौद की रहने वाली महिमा चतुर्वेदी बताती हैं कि उन्होंने 2020 में आर्थिक तंगी से निकलने की ठानी और स्वयं ही हर्बल कलर बनाने की शुरुआत की। फिर पड़ोस की महिलाएं मुझसे जुड़ती गईं।



**रायपुर।** आज हर्बल कलर उत्पादन से मेरे साथ क्षेत्र की 50 से अधिक महिलाएं जुड़कर स्वयं और अपने परिवार के लिए आर्थिक समृद्धि का आधार बन रही हैं। बता दें कि शहर से लेकर स्थानीय बाजारों में इन स्टार्टअप महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल रंग-गुलाल ब्रांड बन चुके हैं। होली, शादी या चुनावी जीत सभी अवसरों पर इनके बनाए हर्बल रंगों की डिमांड तेजी से बढ़ती जा रही है। इनके बनाए ये रंग न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि जनजीवन में प्रसन्नता के नवीन रंग भी घोल रहे हैं। राजधानी में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली के उद्देश्य से प्राकृतिक रंगों का निर्माण कर उन्हें स्थानीय बाजारों में विक्रय कर रही हैं। इस होली में समूहों द्वारा तैयार किए गए ये प्राकृतिक रंगों के गुलाल उड़ाएंगे।



### ग्राहकों को भा रहे प्राकृतिक रंग

गोलबाजार स्थित हर्बल कलर के कारोबारी अशोक गुप्ता ने बताया कि होली के लिए अभी से लोग रंग खरीदी शुरू कर दिए हैं। वे गांव व शहर के स्व-सहायता समूह की महिलाओं से खरीदे प्राकृतिक रंग ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। ग्राहक स्पेशली रंग खरीदने से पहले पूछते हैं कि यह महिला समूहों के बनाए हर्बल कलर है न, केमिकल वाले रंग नहीं देना। इस तरह से पिछले 10 साल से अधिकतर हर्बल कलर बाजार में व्यापारियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



### फूल-हरी सब्जियों से बना रहे हर्बल रंग

हर्बल रंग बनाने वाली महिला सदस्य शैलजा ने बताया कि वह उनके हर्बल गुलाल की विशेषता यह है कि इसके प्राकृतिक पदार्थ जैसे गुलाब, पालक भाजी, धनिया के पत्ते, पलाश के फूल, गेंदे के फूल, हल्दी, मेहंदी की पत्ती, धंवई के फूल, चुकंदर, सिंदूर के बीज एवं आरारोट के आटे से तैयार किए जाते हैं। यह गुलाल त्वचा के लिए पूर्णतः सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल है।

### प्रति किलो रंग से 100 से 120 रुपए तक का बेनिफिट

समूह की महिलाएं सरकारी सहयोग से कच्चे माल की खरीद, पैकेजिंग की व्यवस्था एवं बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कर रही हैं। इससे एक समूह की महिलाएं लगभग दो से तीन क्विंटल तक प्राकृतिक रंग तैयार करती हैं, जिन्हें मांग के अनुरूप शहर व ग्रामीण अंचल की थोक व्यापारियों को बेचती हैं। इससे उन्हें प्रति किलोग्राम रंगों से 100 से 120 रुपए तक का लाभ मिल रहा है।

सिटी लाइव

## एआई से भविष्य-उन्मुख मानव पूंजी निर्माण का विजन क्लीयर




**रायपुर।** ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो. ओमप्रकाश व्यास ने एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में पैनलिस्ट स्पीच दी। यह समिट 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन की थीम एआई फॉर ऑल : बिल्डिंग इंडियाज फ्यूचर रेडी ह्यूमन कैपिटल फ्रॉम स्कूल टू वर्कफोर्स रखा गया है। इस उच्चस्तरीय मंच पर देश के अग्रणी शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों के मध्य प्रो. ओमप्रकाश व्यास ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समावेशी विकास, विद्यालय स्तर से लेकर कार्यबल तक एआई साक्षरता के सुदृढ़ीकरण एवं टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में स्थित संस्थानों की रणनीतिक भूमिका पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रो. व्यास एक प्रतिष्ठित डेटा साइंस एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता शोधकर्ता एवं प्रैक्टिशनर हैं। एजेंटिक एआई, प्रोसेस माइनिंग एवं उद्योग-संलग्न अनुसंधान के क्षेत्रों में उनका विशिष्ट अनुभव रहा है। अकादमिक नेतृत्व के साथ-साथ उन्होंने एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को उद्योग और प्रशासनिक तंत्र से जोड़ते हुए अनुसंधान के प्रभावी अनुवाद में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### सुदृढ़ और संतुलित एआई मॉडल का निर्माण अनिवार्य

उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की प्राचीन जनजातीय परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और बहुभाषीय समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि विविध भाषाई, सामाजिक एवं भौगोलिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों की सक्रिय सहभागिता एआई प्रणालियों को अधिक सशक्त, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि समावेशिता केवल सामाजिक दृष्टि से आवश्यक नहीं है, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी सुदृढ़ और संतुलित एआई मॉडल के निर्माण के लिए अनिवार्य है।

# छत्तीसगढ़ के लोग सनातन से जुड़े हुए, सरकार भी इस दिशा में तत्परता से काम कर रही

आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे राजधानी

मंगलवार को निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान स्वामी महाराज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के स्वर्णभूमि स्थित निज निवास में एक अत्यंत भव्य धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में स्वामी ने अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दिया।



**रायपुर।** राजधानी में उनके आगमन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह और स्वर्णभूमि परिसर में उनके दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग सनातन से जुड़े लोग हैं। यहां की वर्तमान सरकार भी इस दिशा में तत्पर दिख रही है और अध्यात्म के कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ आगे बढ़ा रही है। स्वामीजी ने प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीष दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री दयालदास बघेल सहित शासन के कई कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों ने भी महाराजश्री के दर्शन कर प्रदेश के विकास हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मुख्यमंत्री ने भेंट कर मांगा आशीर्वाद

*स्वामीजी के आगमन की सूचना मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनसे भेंट की और महाराजश्री के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उनका स्वागत करते हुए प्रदेश की खुशहाली और निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल में स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज जैसे महान संत के चरण पड़े हैं। संतों का सानिध्य और मार्गदर्शन ही हमारी सरकार को जनकल्याण के पथ पर चलने की शक्ति प्रदान करता है। हम अपनी सांस्कृतिक विरासत और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।*

## पैरेंट्स छोटे बच्चों की क्यूटनेस के लिए कार्टून और एनिमल डिजाइनर ज्वेलरी कर रहे कैरी

बेबी गर्ल्स के लिए गोल्ड टेडी ईयरिंग्स तो बेबी बॉयज के लिए कड़े और चेन खास




**रायपुर।** ज्वेलरी फैशन में छोटे बच्चों के लिए कार्टून व एनिमल कैरेक्टर्स डिजाइनर ट्रेंड कर रहा है। सिटी के पैरेंट्स छोटे बच्चों के लिए गोल्ड स्टड्स खरीदने में खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। सदरबाजार स्थित ज्वेलरी शोरूम के संचालक सुरेश भंसाली ने बताया कि गोल्ड स्टड्स डिजाइन ट्रेंड में हैं, उसे पैरेंट्स बच्चों के लिए कैरी कर रहे हैं। ज्वेलरी विक्रेताओं ने बताया कि गर्ल्स बेबी के लिए नए डिजाइन के क्यूट ईयरिंग्स काफी डिमांड में चल रहे हैं। इनमें कार्टून व एनीमल कैरेक्टर्स डिजाइनर ज्वेलरी खास है। इसके अलावा फ्लावर शेप ईयरिंग्स फूलों के आकार वाले स्टड्स हमेशा से ही बच्चियों के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प रहे हैं। छोटे, डिटेल्ड फूलों के डिज़ाइन में कलरफुल स्टोन्स का इस्तेमाल इन स्टड्स को और भी आकर्षक बनाता है। हार्ट शेप ईयरिंग्स बच्चियों के कानों पर बेहद क्यूट लगते हैं। वैसे तो इनका मिनिमलिस्टिक डिज़ाइन और स्मूद फिनिश हर उम्र की बच्ची पर सूट करता है। यही वजह है कि बच्चों के लिए ज्वेलरी खरीदना पैरेंट्स की च्वॉइस के साथ-साथ परंपरा भी है। पैरेंट्स बच्चों के लिए हाथ के कड़े, चेन आदि आमतौर पर खरीदते ही हैं। अब इसमें ज्वेलरी डिजाइनर्स नए प्रयोग कर रहे हैं।

### इन डिजाइन को कर रहे पसंद

बच्चियां हमेशा क्यूट एनिमल्स से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। छोटी बटरफ्लाई, टेडी बियर और कैट शेप के गोल्ड स्टड्स उनके लिए एकदम परफेक्ट च्वॉइस होते हैं। गोल्ड और पर्ल का कॉम्बिनेशन कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। छोटे पर्ल्स के साथ डिजाइन किए गए स्टड्स एक क्लासिक और एलिगेंट लुक देते हैं, जो खास अवसरों के लिए पैरेंट्स बच्चों के लिए खरीद रहे हैं।

## नियमित योगाभ्यास और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने लिया संकल्प

**रायपुर।** योग, प्राकृतिक चिकित्सा और तनाव प्रबंधन विषय पर ज्येष्ठ नागरिक मंच सीनियर सिटीजन फोरम, नेहरू नगर योग केंद्र भिलाई में व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भोपाल से योग गुरु महेश अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए योग और प्राकृतिक जीवनशैली का महत्व विस्तार से बताया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ नागरिक मंच सीनियर सिटीजन फोरम नेहरू नगर के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, भारतीय योग संस्थान के केंद्र प्रमुख सुरेश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे। योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि शुभ चिंतन, नियमित उपवास, पर्याप्त और गहरी नींद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा नियमित योगाभ्यास के साथ यदि व्यक्ति प्रेम, करुणा और त्याग की भावना को अपनाता है, तो वह आजीवन स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि योगविद्या भारतवर्ष की प्राचीनतम संस्कृति और जीवन-पद्धति है, जिसके आधार पर हमारे पूर्वज सुखी, समृद्ध और निरोग जीवन व्यतीत करते थे। उन्होंने बताया कि पूजा-पाठ और धर्म-कर्म से जहां मानसिक शांति प्राप्त होती है, वहीं नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, ऊर्जा और आत्मबल में वृद्धि होती है।















## सिटी स्पोर्ट्स

### वनडे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत, प्रीति प्लेयर ऑफ द मैच



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच 16 फरवरी को बडौदरा में अरुणाचल प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की लगातार रिकार्ड छठवीं जीत, अरुणाचल प्रदेश को 8 विकेट से हराया। अरुणाचल प्रदेष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अरुणाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 48.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 102 रन बनाये। अरुणाचल प्रदेश की ओर से नबाम यपु ने 42 रन तथा अर्चिता पवार ने 31 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त चित्रांजलि ने 13 रन का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से मेहक नरवसे ने 4 विकेट, अदिति पनवार ने 3 विकेट, प्रीति यादव तथा उर्मिला हरिना ने 1-1 विकेट लिए। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 8.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर 103 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 50 रन, शिल्पा साहू ने 27 नाबाद रन व कप्तान कृति गुप्ता ने नाबाद 20 रनों का योगदान दिया। अरुणाचल प्रदेश की ओर से चुखु अनाम ने 2 विकेट, प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 8 विकेट से जीत लिया। प्रीति यादव प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

### अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग में नन्हीं खिलाड़ियों ने किया कमाल



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने क्षेत्र का मान बढ़ाया। नई दिल्ली स्थित केडी जाधव इनडोर स्टेडियम आईजी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 04 फरवरी से 08 फरवरी तक आयोजित 5 वें भारतीय ओपन अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग कप में एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में तृति सिंह (वजन श्रेणी -28 किग्रा, कम उम्र की खिलाड़ी 9 वर्ष) ने क्रिएटिव फार्म हार्ड स्टाइल (सीएफएचएस) में स्वर्ण पदक तथा प्वाइंट फाइट में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं श्लोक झा (वजन श्रेणी -37 किग्रा, कम उम्र की खिलाड़ी 10 वर्ष) ने भी क्रिएटिव फार्म हार्ड स्टाइल (सीएफएचएस) में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप क्रिकेट के दोनों मुकाबले हुए ड्रॉ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबला देखने को मिला। आरडीसीए रायपुर में टीम बीएसपी विरुद्ध बस्तर के बीच मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढत के आधार पर बीएसपी की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। बल्लेबाजी में बस्तर टीम पहली पारी में कल के अपने स्कोर छह विकेट पर 175 रन से आगे खेलते हुए 197 रन पर आउट हो गई। अब्दुल अनस खान ने 54 रन और सौरभ मजूमदार ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के समरप्रीत ने चार, भविष्य थपियाल ने दो, वैभव साहू कार्तिक नायडू एवं पियूष पिल्ले ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 122 रन बनाए। संगीत सोनी ने नॉट आउट 37 रन, जसविंदर सिंह गिल ने नॉट आउट 23 रन, रीजन कप्तान वैभव साहू ने 36 रन और सत्य विकास ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में बस्तर के आदित्य सिंह ने दो विकेट एवं उत्कर्ष ने एक विकेट लिए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध राजनांदगांव में मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर राजनांदगांव की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में अपने कल के स्कोर 8 विकेट पर 208 रन से आगे खेलते हुए 211 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 129 रन बनाए। उपेंद्र मरकाम ने नॉट आउट 46 रन, वी.बालाजी राव ने नॉट आउट 25 रन और वैदिक मधुकर ने 20 रन बनाएं। गेंदबाजी में दुर्ग के कृष मैत्री, विक्रांत सिंह राजपूत एवं जितेश चौहान ने एक-एक विकेट लिए। सीनियर वर्ग के एलिट ग्रुप के चार दिवसीय मैच 21 फरवरी से प्रारंभ हो रहे हैं।

### कोलेस्ट्रॉल को लेकर भ्रांतियां ज्यादा

# अब आम हो चुकी है कोलेस्ट्रॉल की समस्या, इससे जुड़े हुए मिथक और सच्चाई के बारे में जरूर जानिए

कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल मौजूदा समय की सबसे आम समस्याओं में से एक है। वयस्क हों या बुजुर्ग यहां तक कि 20 से कम उम्र के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉक्टर कहते हैं, भले ही कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही अक्सर हम सभी चिंतित हो जाते हैं पर असल में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है। शरीर को ठीक से काम करते रहने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, पर जब इसका स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है तो ये गंभीर समस्याओं को बढ़ाने लगती है। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा फैट होता है जो सेल मेंब्रेन और कई हार्मोन्स बनाने के साथ भोजन को पचाने में मदद करता है। हालांकि जब रक्त में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने लगता है तो इससे कई



प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथक के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।

#### मिथक: कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही सबसे पहला ख्याल यही आता है कि कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा। पर वास्तव में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है।



कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है- बैड और गुड। गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर की कोशिकाओं, हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन) और विटामिन-डी के निर्माण में मदद करता है। संतुलित मात्रा में कोलेस्ट्रॉल शरीर के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक होता है। हालांकि अगर इसकी मात्रा अक्सर सामान्य से अधिक बनी रहता है तो निश्चित ही ये सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

#### मिथक- मांसाहारी लोगों को कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत ज्यादा होती है

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का कहना है कि भोजन से प्रतिदिन 300 मिलीग्राम से कम कोलेस्ट्रॉल प्राप्त करना चाहिए। संतृप्त वसा यानी सैचुरेटेड फैट इसका बड़ा कारण माना जाता है। रेड मीट, मक्खन और फुल फैट वाले डेयरी उत्पाद में सैचुरेटेड फैट की अधिकता होती है। एक अंडे में 186 मिलीग्राम तक कोलेस्ट्रॉल और सिर्फ 1.6



ग्राम सैचुरेटेड फैट होता है। शाकाहारी हो या मांसाहारी किसी को भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत हो सकती है इसलिए आहार को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

#### मिथक- कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है तो ये सिर्फ दवा से ठीक होगा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल को चूंकि हृदय रोगों और हार्ट अटैक का कारण माना जाता रहा है इसलिए अक्सर लोग चिंतित रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आपको दवाओं का जरूरत होती है पर अगर ये बहुत ज्यादा नहीं है और आपको हार्ट से संबंधित बीमारियां नहीं हैं तो जीवनशैली में बदलाव से भी लाभ मिल सकता है। दवाओं के साथ-साथ स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन की मदद से भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। मिथक- केवल 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए।

## अनार के छिलके को फेंके नहीं इस तरह से कर लें इस्तेमाल



क्या आपको पता है कि अनार के छिलके कितने सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। आप इन्हें फेंकने के बजाय कई सारी रेसिपीज तैयार कर सकते हैं। आइए जानते हैं अनार के छिलकों से बनने वाली कुछ बेहतरीन रेसिपीज के बारे में।

अक्सर अनार खाने के बाद उसके छिलकों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनका इस्तेमाल कई तरह के स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजनों में किया जा सकता है? अनार के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और प्राकृतिक फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो न केवल आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि खाने में एक अनोखा स्वाद भी जोड़ते हैं। आप इन छिलकों को सुखाकर पाउडर बना सकते हैं, जिसे करी, चटनी और दाल में मिलाकर एक हल्का खट्टा स्वाद दिया जा सकता है। कई लोग अनार के छिलकों का उपयोग हर्बल चाय बनाने में भी करते हैं, जो पाचन में सुधार लाने और इम्युनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा, इन्हें मांस को मैरीनेट करने, ग्रेवी में गाढ़ापन लाने और कुछ विशेष मसालों के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है।

अगर आप किचन में कुछ नया और हेल्दी ट्राई करना चाहते हैं, तो अनार के छिलकों को फेंकने के बजाय उन्हें अपनी रेसिपीज में शामिल करें। यह न सिर्फ आपके खाने के स्वाद को बढ़ाएगा, बल्कि पोषण से भी भरपूर होगा!

#### अनार के छिलके की चाय

आपकी रेगुलर ब्लैक टी से अलग यह चाय आपके लिए फायदेमंद होगी। इसे बनाना भी उतना आसान है, जितना आप ब्लैक टी बनाते हैं।

#### चाय बनाने का तरीका-

सबसे पहले अनार के छिलकों को अच्छे से धोकर धूप में सुखा लें। एक पैन में 2 कप पानी लें और उसमें सूखे छिलके डालें। इसे मध्यम आंच पर 5-7 मिनट तक उबालें। गैस बंद करके चाय को छान लें और इसमें शहद और नींबू का रस मिलाएं। गर्मागर्म हर्बल चाय का आनंद लें, जो आपकी पाचन क्रिया को बेहतर बनाएगी और इम्युनिटी बढ़ाएगी।

#### अनार के छिलके की चटनी

धनिया और पुदीना की चटनी खाकर बोर हो गए हों, तो अनार के छिलके से चटनी बनाकर देखें। छिलके का स्वाद इसे फ्लेवरफुल बनाएगा, आइए रेसिपी जानें-

#### चटनी बनाने का तरीका-

अनार के छिलकों को हल्का-सा भून लें ताकि उनका कड़वापन कम हो जाए। एक मिक्सर में छिलके, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और जीरा पाउडर डालें। थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें और स्मूथ चटनी बना लें।

## रात में घर से बाहर नहीं सुखाने चाहिए बच्चों के कपड़े



भारतीय परंपराओं और मान्यताओं में कई ऐसी बातें कही गई हैं, जिनका वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों आधार होते हैं। इन्हीं में से एक मान्यता यह भी है कि रात में बच्चों के कपड़े बाहर नहीं सुखाने चाहिए। यह बात सुनने में अजीब लग सकती है, लेकिन इसके पीछे धार्मिक, ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण बताए जाते हैं। आइए जानते हैं, आखिर क्यों यह परंपरा प्रचलित है और इसके पीछे की मान्यता क्या कहती है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि काले रंग के सामान को रखने के दौरान किन नियमों का पालन करना जरूरी है।

#### धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यता

**नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव:** हिंदू धर्म में यह माना जाता है कि रात के समय नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं। ऐसे में अगर बच्चों के कपड़े बाहर सुखाए जाते हैं, तो उन पर बुरी शक्तियों या नकारात्मक ऊर्जा का असर हो सकता है, जो बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन पर बुरा प्रभाव डाल सकता है।

**भूत-प्रेत और नजर दोष:** कुछ मान्यताओं के अनुसार, बच्चों को बुरी नज़र जल्दी लगती है। रात के समय खुले में रखी चीजों पर नकारात्मक शक्तियां हावी हो सकती हैं, जिससे बच्चे बीमार हो सकते हैं या उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है।

**चंद्रमा और ग्रहों का प्रभाव:** ज्योतिष शास्त्र में कहा जाता है कि चंद्रमा की ऊर्जा रात के समय अधिक प्रभावी होती है। अगर बच्चों के कपड़े खुले में पड़े रहते हैं, तो उन पर ऐसी ऊर्जा का प्रभाव हो सकता है।



## बच्चों का मानसिक विकास रोक रहा सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन है। चाहे वह 5 साल का बच्चा ही क्यों ना हो, धड़ल्ले से सोशल मीडिया का इस्तेमाल हो रहा है। अब सवाल है कि क्या सोशल मीडिया बच्चों की मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है? अगर हां तो कैसे

डिजिटल युग में आजकल हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन है। चाहे वो 5 साल का बच्चा ही क्यों न हो। माता पिता भी खुद को फ्री रखने के लिए बच्चों को समय से पहले फोन पकड़ा देते हैं। धीरे-धीरे बच्चे इसके आदी हो जाते हैं। कम उम्र में ही सोशल मीडिया पर समय बिताने लगते हैं,फिर चाह कर भी यह आदत छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। इससे ना सिर्फ शारीरिक तौर पर बच्चों को नुकसान होता है बल्कि मेंटल हेल्थ और ग्रोथ दोनों ही प्रभावित होती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. हिमानी नरूला खन्ना इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

एक्सपर्ट बताती हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों के ध्यान कंद्रित करने की क्षमता पर असर डालता है। सोशल मीडिया पर घंटो विजुअल्स देखने के बाद बच्चे लंबे समय



तक किसी भी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इससे उनकी कॉन्सेंट्रेशन पावर घटती है।,जिससे स्कूल में पढ़ाई पर भी असर पड़ सकता है।

जब बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा वक्त बिताते हैं,तो उनकी सीधी बातचीत यानी फेस टू फेस कॉम्यूनिकेशन कम हो जाती है। इससे उनकी भाषा और बातचीत की क्षमता प्रभावित होती है, क्योंकि वे बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के भाव को समझने में कमजोर हो जाते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले कंटेट बच्चों के व्यवहार पर असर डालते हैं। इससे उनमें आक्रामकता बढ़ सकती है। इसस वह असल जिंदगी में गुस्सैल और चिड़चिड़े हो सकते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाली ऐसी कई चीजों पर यकीन कर लेते हैं,जिनका रियल लाइफ से कोई नाता ही नहीं होता है। असल जिंदगी में भी वे ऐसा ही चाहते हैं, और जब चीजें उस तरह से नहीं होती है, तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्या बचपन से ही शुरू हो जाती है। इससे उनकी मेंटल हेल्थ खराब हो जाती है।

#### ऐसे रखें ध्यान

बच्चों की स्क्रीन टाइम को संतुलित करें। उन्हें रियल लाइफ से रूबरू कराएं। असली दुनिया की गतिविधियों में शामिल करें जैसे आउटडोर गेम्स, किताबे पढ़ना, आर्ट, सोशल मीडिया पर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा एक्सपोजर को सीमित करें।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेंडया फिर चर्चा में, टॉम संग शादी से पहले आई नई बात सामने

हॉलीवुड के क्यूबट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड को लेकर एक नई अफवाह उड़ी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। यह



चर्चा ऐसे समय में सामने आई है, जब सगाई के बाद दोनों की शादी की चर्चाएं भी जोर-शोर से चल रही हैं।

हॉलीवुड के गलियारे से एक दिलचस्प अफवाह सामने आई है। एक तरफ जहां जेंडया और टॉम हॉलैंड की शादी की अटकलें चल रही हैं, वहीं सोशल मीडिया पर शोर मचा हुआ है कि यह कपल जल्दय पैरेंट्स बनने वाले हैं। इस नई अफवाह में दावा किया जा रहा है कि 'ड्यून' फेम जेंडया अपने मंगेतर के पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब, एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि जेंडया प्रेग्नेंट हैं। हालांकि, अभी तक इन दावों की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इस पर शक गहरा रहा है कि यह झूठा दावा है।

जेंडया और टॉम हॉलैंड को हाल ही स्पॉट किया गया। वायरल तस्वीरों को देखकर ही एक्ट्रे स की प्रेग्नेंचसी की अटकलों ने जोर पकड़ा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी अफवाह उड़ी है। इससे पहले जब ऐसा हुआ था, तब जेंडया की मां, क्लेयर स्टॉर्मर ने इन दावों को सख्ती से खारिज कर दिया था और लोगों से बेहतर सोर्स पर भरोसा करने की अपील की थी। बहरहाल, इस बीच कई फैंस और ऑनलाइन कमेंटेटर्स का कहना है कि एक्ट्रेगस जिस तरह बड़े साइज के कपड़े पहन रही हैं, यह सर्दियों में कई लेयर्स में पहने जाने वाले कपड़ों से अलग है। जेंडया और टॉम हॉलैंड आधिकारिक तौर पर सगाई कर चुके हैं।

### टॉलीवुड

## 'पेड्डी' का गाना 'चिकिरी चिकिरी' 50 मिलियन व्यूज पार, रिलीज से पहले बनाया महारिकॉर्ड

राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इससे पहले ही इसके गाने 'चिकिरी चिकिरी' ने नया रिकॉर्ड सेट कर लिया है। अभी फिल्म रिलीज



नहीं हुई है और गाने पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज आ चुके हैं। राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' के बड़े पर्दे पर आने से पहले ही, यह पॉप कल्चर में अपनी जगह बना चुकी है। अपने थिरकने वाले बीट्स और भव्य सीन्स के साथ, फिल्म का ओपनिंग ट्रैक 'चिकिरी चिकिरी' एक जबरदस्त म्यूजिकल सेंसेशन बन गया है, जिससे फैंस को राम चरण की अगली बड़ी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करने का एक और कारण मिल गया है। इस गाने ने अलग ही रिकॉर्ड सेट कर दिया है जिसमें राम के साथ जान्हवी कपूर भी हैं। यह गाना अब तक सभी भाषाओं में 2 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है और किसी फिल्म की रिलीज से पहले सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय गानों में से एक बन गया है। दो महीने पहले रिलीज हुआ 'चिकिरी चिकिरी' ने आते ही धूम मचा दी और पहले 24 घंटों में ही लगभग 4.6 करोड़ व्यूज हासिल कर लिए और तेजी से इस साल के सबसे फटाफट बढ़ते चार्टबस्टर्स में शामिल हो गया। समय के साथ इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ी है। इस गाने को यूट्यूब पर 20 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं, जबकि अकेले हिंदी वर्जन ने 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, जो क्षेत्रीय दर्शकों से परे इसकी पहुंच को दिखाता है। यह गाना लगातार ट्रेंडिंग प्लेलिस्ट में शामिल रहा है और म्यूजिक चार्ट पर अपना दबदबा बनाए हुए है। यूट्यूब के अलावा, 'चिकिरी चिकिरी' को शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म पर भी नई पहचान मिली है। यूट्यूब शॉर्ट्स और इंस्टाग्राम रील्स पर इस गाने को जबरदस्त लोकप्रियता मिली है।

### भोजपुरी

## संजना की फिल्म 'कलेक्टर साहिबा' ने यू-ट्यूब पर उड़ाया गर्द

भोजपुरी की टीआरपी क्वीन कही जाने वालीं संजना पांडेय की नई फिल्म 'कलेक्टर साहिबा' ने यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है। फिल्म को 13 घंटे के अंदर



18 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कहानी की खूब तारीफ हो रही है। जिसने भी अभी तक 'कलेक्टर साहिबा' देखी है, वो इसकी कहानी और कलाकारों की एक्टिंग की जमकर तारीफ कर रहा है। 'कलेक्टर साहिबा' में संजना पांडेय के ऑपोजिट गौरव झा हैं। 'कलेक्टर साहिबा' को कुछ समय पहले टीवी पर प्रीमियर किया था, और अब इसे यूट्यूब पर भी रिलीज किया गया है। फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की संजना की है, जिसकी शादी बचपन में ही तय कर दी जाती है, और जवानी में गौना किया जाता है। लेकिन शादी के वक्त उसके ससुरालवाले और लड़के को पता चलता है कि जिस लड़की के साथ उसकी शादी हुई है, वह शारीरिक रूप से विकलांग है। शादी के मंडप में विकलांग लड़की को देख उनके होश उड़ जाते हैं। लड़का बवाल मचा देता है और शादी से इनकार कर देता है। संजना के घरवाले दामाद के पैरों में गिरकर बेटी के लिए भीख मांगते हैं, पर वह उन्हें जोर से लात मारता है और वो गिर जाते हैं। वह संजना के मां-बाप की खूब बेइज्जती करता है। यहीं से संजना की जिंदगी बदल जाती है। वह मां-बाप की बेइज्जती का बदला लेना का फैसला करती है और साथ ही खुद को काबिल बनाने पर भी मेहनत करती है। संजना दिन-रात पढ़ाई में जुट जाती है।




स्प्रिंग/समर 2026 सीज़न ने 15 क्रिएटिव डायरेक्टर्स के लिए एक तरह से रीसेट करने का काम किया है। लंदन फैशन वीक में इन लोगों फिर से तय किया कि मॉडर्न ड्रेसिंग कैसी दिखनी चाहिए। जिसमें बोटेगा वेनेटा, एफफॉर्म और लोएवे ने स्टेटमेंट स्कर्ट को बढ़ावा दिया जो मूवमेंट के साथ लहराती थीं। वहीं, जिल सैंडर, वैलेंटिनो और वर्साचे ने खुशी भरे एक्सप्रेशन पर आधारित अप्रत्याशित कलर कॉम्बिनेशन पेश किए।

## मेंस फैशन में बालों को मजबूत और घना बनाएं ऐसे

पुरुषों के बालों की देखभाल अक्सर नजरअंदाज की जाती है, इसकी वजह से कम उम्र में ही पुरुष बालों के झड़ने और सफेद बालों से परेशान होने लगते हैं। यदि आप भी इन परेशानियों से जूझ रहे हैं और अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल घने, मजबूत और हेल्दी रहें, तो हेयर एक्सपर्ट्स के बताए इन आसान तरीकों को अपनी डेली रूटीन में शामिल करें।

### हेयर टाइप के हिसाब से चुनें शैंपू और कंडीशनर

यदि आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं, और मजबूत बने रहें तो हमेशा अपने बालों के टाइप के हिसाब से ही शैंपू और कंडीशनर का चयन करें। शैंपू खरीदते समय ध्यान रखें कि इसमें सल्फेट और पैराबेन नहीं होना चाहिए, वरना ये आपके बालों को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाएगा। हफ्ते में 2-3 बार ही शैम्पू करें, क्योंकि ज्यादा शैम्पू करने से बाल ड्राई हो सकते हैं।

### मसाज करना कभी न भूलें

अक्सर लोगों को लगता है कि छोटे बालों में लड़कों को तेल मसाज की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसे में हफ्ते में 1-2 बार हल्के गुनगुने नारियल, बादाम या अरंडी के तेल से सिर की मसाज करें। हफ्ते में दो से तीन बार तेल मसाज करने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। ये जरूरी नहीं है कि आप तेल को रातभर लगाकर रखें। आप इसे नहाने से एक घंटे पहले भी लगा सकते हैं।

### हीट और केमिकल से बचें



लड़कियों की तरह लड़के भी अपने बालों को स्टाइल करने के लिए हीटिंग टूल का इस्तेमाल करते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि लड़कों के बाल छोटे होते हैं, इसलिए केमिकल्स जल्दी उनके स्कैल्प तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में अगर हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जैसे कि वैक्स, जेल, स्प्रे का इस्तेमाल करते हैं, तो रात में बाल धोकर सोएं, ताकि स्कैल्प हेल्दी रहे।

### सही डाइट है जरूरी

यदि आप आंतरिक रूप से अपने बालों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो अपनी डाइट को सही करें। बालों की ग्रोथ और मजबूती के लिए प्रोटीन, बायोटिन, विटामिन B, C, और E से भरपूर फूड्स खाएं। हरी सब्जियां, अंडे, नट्स, दही, सोया, और मछली को डाइट में शामिल करें।

## नजर आना चाहती हैं सबसे अलग तो वियर करें ऑफ शोल्डर ड्रेसेस



ऑफिस में होने वाली पार्टी में महिलाएं बेस्ट नजर आना चाहती और इसके लिए वो पार्टी की थीम के अनुसार ही आउटफिट का चुनाव करती हैं। लेकिन , अगर आपकी ऑफिस की पार्टी किसी क्लब या आउटडोर लोकेशन पर हो रही हैं तो आर्टिकल आपके काम का हो सकता है। दरअसल, इस तरह की पार्टी में महिलाएं ड्रेस वियर करती है और अगर आप सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की ऑफ शोल्डर ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।



### ए-लाइन ऑफ शोल्डर ड्रेस



न्यू लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस ऑफिस की पार्टी में पहन सकती हैं। यह ए-लाइन ड्रेस ऑफ शोल्डर में है साथ ही शॉर्ट स्लीव्स और फ्लार स्टाइल में है। इस तरह की ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और इस ड्रेस को आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,000 से 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ राउंड इयरिंग्स साथ ही फुटवियर में हील्स स्टाइल कर सकती हैं। न्यू लुक के लिए आप इस तरह की मिडी ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।

### फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस

अगर आप फ्लोरल पैटर्न में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की ड्रेस भी वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस लॉन्ग पैटर्न और फ्लोरल डिजाइन में है और इस ड्रेस में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये ड्रेस 700 से 800 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप इयरिंग्स साथ ही फुटवियर में फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

## ब्यूटी ब्लेंडर का कर रही हैं इस्तेमाल तो इन बातों का रखें खास ध्यान

मेकअप करना हर महिला को पसंद है और परफेक्ट मेकअप करने के लिए महिलाएं कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। इन सभी चीजों में ब्यूटी ब्लेंडर भी है। ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से आप फाउंडेशन, कंसीलर समेत अन्य प्रोडक्ट्स को स्किन में सही से अप्लाई कर पाती हैं। लेकिन, ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखती हैं तो आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है।



### साफ-सफाई का रखें ध्यान

जहां मेकअप करने से पहले स्किन को अच्छी तरह से साफ करना जरुरी है तो वहीं ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करने से पहले इसे भी अच्छी तरह से साफ करें। अगर आप ब्यूटी ब्लेंडर को बिना साफ किए इस्तेमाल करती हैं तो इसमें पनप रहे बैक्टीरिया स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप ब्यूटी ब्लेंडर को शैंपू या साबुन की मदद से धो लें। इसके बाद आप इसे सूखा लें। वहीं पूरी तरह सूख जाने के बाद आप इसे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं ब्यूटी ब्लेंडर को हफ्ते में एक दिन अच्छी तरह से डीप क्लीनिंग करें।

### सही तरह से करें ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल

जहां ब्यूटी ब्लेंडर को इस्तेमाल करने से पहले इसे अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है तो वहीं स्किन पर इसे सही तरह से अप्लाई भी करना चाहिए। अगर आप ब्यूटी ब्लेंडर को चेहरे पर रगड़ कर अप्लाई करती है तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

## स्टाइल करें न्यू डिजाइंस वाले इयरिंग्स

ऑफिस या किसी खास मौके पर महिलाएं साड़ी के बाद सूट या कुर्ती वियर करना पसंद करती हैं। यह आउटफिट ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए बेस्ट है लेकिन, अगर आप चाहती हैं इस आउटफिट में आप स्टाइलिश नजर आए तो आप ये न्यू डिजाइंस वाले इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। इयरिंग्स जहां आपके लुक को कम्पलीट करने में मदद करेगा तो वहीं आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### स्टोन सिल्वर इयरिंग्स

अगर आप लाइट कलर का सूट या कुर्ती स्टाइल कर रही हैं तो आप इस तरह की इयरिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। यह स्टोन सिल्वर इयरिंग्स न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस तरह के इयरिंग्स आप ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। साथ ही, इस तरह के स्टोन सिल्वर इयरिंग्स आप अपने आउटफिट के हिसाब से भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के स्टोन सिल्वर इयरिंग्स आपको 200 से कम कीमत में बाजार से मिल सकते है साथ ही ऑनलाइन भी आप सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

अगर आप इस बात का चुनाव नहीं कर पा रही है कि किस तरह के इयरिंग्स आप सूट या कुर्ती के साथ स्टाइल कर सकती हैं। तो, आप इस तरह के सिल्वर झुमका अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह झुमके आप हर तरह के आउटफिट के साथ



स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इस सिल्वर झुमके को आप 200 रुपये के साथ कई तरह के डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क बटरफ्लाई इयरिंग्स

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क बटरफ्लाई इयरिंग्स वियर वियर कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**गलतियों में सुधार करेंगे तो मिलेगी तारीफ**

## मोटापा आपके फैशन में नहीं बन सकता बाधा प्लस साइज पुरुष ध्यान ऱखें स्टाइलिंग का

मोटापा लड़कियों की एक बड़ी समस्या है लेकिन इसका असर पुरुषों पर भी बराबर से होता है। मतलब सिर्फ महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी प्लस साइज कपड़े पहनने होते हैं। लेकिन प्लस साइज कपड़े पहन रहे हैं तो इसका ये मतलब नहीं कि आप अच्छे दिखने की कोशिश ही न करें। बल्कि आप भी स्मार्ट और स्टाइलिश लग सकते हैं। कैसे? का जवाब हमारे पास है। दरअसल इसके लिए आपको कुछ गलतियां करने से बचना होगा। कौन-कौन सी हैं ये गलतियां जानिए-

### ढीले कपड़ों की जरूरत नहीं

अक्सर प्लस साइज़ कपड़े पहनने वाले लोग ढीले कपड़े पहन लेते हैं ताकि उनकी बॉडी का आकार पता ना चले। लेकिन इस तरह आप अपना लुक और खराब कर लेते हैं। इसका मतलब ये भी नहीं है कि आप बिलकुल टाइट कपड़े पहन लें। इसके लिए आपको साइज़ में भी बैलेंस ढूंढना होगा।

### लेयर्स भी बनाएंगी परफेक्ट लुक



अक्सर प्लस साइज़ कपड़े पहनने वाले लोग सोचते हैं कि लेयर्स में कपड़े पहनने पर लुक और भारी आएगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा अगर आप लेयर्स को अच्छे तरीके से प्लान करें। इसके लिए आप हल्के मटेरियल के कपड़े लें। इसके साथ एक ही कलर पैलेट में लेयर्स वाले कपड़े चुनें। इतना ही नहीं डाईगनल और वर्टिकल स्ट्राइप भी चुनी जा सकती हैं।

### छोटे प्रिंट फबेंगे आप पर

याद रखिए आप प्लस साइज़ कपड़े पहनते हैं, इनमें अगर बड़े प्रिंट पहनेंगे तो आप और भारी नजर आएंगे। इसलिए आपको छोटे प्रिंट ही पहनने चाहिए।

### टेलर से लें मदद

आपने किसी नामी स्टोर से कपड़े लिए होंगे लेकिन ये हमेशा संभव नहीं हो पाता है कि इन कपड़ों की फिटिंग आपके हिसाब से ठीक हो। इसलिए जरूरी है, कि आप अपने कपड़ों को स्टोर से लेने के बाद भी अपने हिसाब से ऑल्टर जरूर कराएं। इसमें आप पैंट की लंबाई से लेकर शर्ट की बांहों तक सब पर ध्यान दीजिए। टेलरफिट ड्रेस में आपका लुक अच्छा आएगा ही।

### बैलेंस लुक

आप ड्रेसिंग करते हुए लुक को बैलेंस करने पर ध्यान दें। लोग जब आपको देखें तो उन्हें आपकी बॉडी प्रपोशनल लगनी चाहिए। इसलिए ये बैलेंस आपको करना होगा। जैसे ऊपर के कपड़े में बड़े प्रिंट के साथ नीचे प्लेन पहनना गलत है। आप कार्टून प्रिंट के साथ प्लेन ट्राउजर्स नहीं पहन सकते हैं।

